



# दैनिक सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 53/ अंक 248/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | आर.एन.आई 22296/71 डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, मंगलवार 25 अप्रैल 2023 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in







# केरल को पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन मिली

## प्रधानमंत्री मोदी ने हरी झंडी दिखाई, देश को पहली वाटर मेट्रो और डिजिटल साइंस पार्क भी देंगे

**कोच्चि।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज केरल की पहली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री सुबह 11 बजे तिरुवनंतपुरम सेंट्रल स्टेशन पहुंचे और तिरुवनंतपुरम-कासरगोड के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को विदा किया।

प्रधानमंत्री इसके साथ ही कोच्चि में देश की पहली वाटर मेट्रो सर्विस का उद्घाटन करेंगे। पोर्ट सिटी कोच्चि में तैयार की गई यह वाटर मेट्रो सर्विस कोच्चि सिटी से आस-पास के 10 टापुओं को जोड़ेगी। इस प्रोजेक्ट में 78 इलेक्ट्रिक बोट्स और 38 टर्मिनल्स हैं। प्रधानमंत्री तिरुवनंतपुरम में ही देश की पहली डिजिटल साइंस पार्क का भी इनॉगरेशन करेंगे।

### ये वाटर मेट्रो है केरल का ड्रीम प्रोजेक्ट

केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा, वर्ल्ड क्लास कोच्चि वाटर मेट्रो अपनी जर्नी के लिए तैयार है। यह कोच्चि में और उसके आसपास के 10 टापुओं को जोड़ने वाला केरल का ड्रीम प्रोजेक्ट है। कोच्चि वाटर मेट्रो प्रोजेक्ट में 78 इलेक्ट्रिक बोट्स और 38 टर्मिनल्स हैं, जिसकी लागत 1,136.83 करोड़ रुपए है।

# मप्र में सांस्कृतिक पुनर्जागरण के प्रयास: चौहान



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मंत्रालय सभाकक्ष में मंत्री परिषद की बैठक शुरू होने से पहले मंत्रीगण से कहा कि मध्यप्रदेश में सांस्कृतिक पुनर्जागरण के प्रयास किए जा रहे हैं। हमारी समृद्ध परंपराओं को, संस्कृति की विशेषताओं को और भारतीय दर्शन को नई पीढ़ी तक ले जाने के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। आज आदि गुरु शंकराचार्य जी और रामानुजाचार्य जी के प्राकट्य दिवस के साथ ही आज सूरदास जी का भी प्राकट्य दिवस है। यह अद्भुत संत थे। शंकराचार्य जी ने रामेश्वरम से लेकर बद्रीनाथ तक उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम राष्ट्र को एक करने का कार्य किया। इस भाव से ही ओमकारेश्वर में एकात्म धाम का निर्माण किया जा रहा है। यहां आगामी 15 अगस्त तक शंकराचार्य जी की विशाल प्रतिमा भी स्थापित होगी। साथ ही अद्वैत संस्थान का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सागर में संत रविदास जी के मंदिर का निर्माण हो रहा है। जामसावली हनुमान धाम, सलकनपुर में देवी लोक दतिया में मां पीतांबरा माई लोक, ओरछा में रामराजा लोक का निर्माण इसी श्रंखला में किया जा रहा है। संतों महात्माओं के साथ जनजाति नायकों और क्रांतिकारियों के योगदान का स्मरण करते हुए उन्हें सम्मानित करने के लिए उनकी प्रतिमाओं की स्थापना विभिन्न स्थानों पर की जा रही है।

### मुख्यमंत्री ने किया मंत्रियों को संबोधित

### कैबिनेट की बैठक में परोसे गए श्रीअन्न से बने स्नैक्स

कैबिनेट की बैठक में आज श्री अन्न (मिलेट्स) से बने स्नैक्स परोसे गए। इनमें बिस्किट, सैंडविच, कटलेट, बाजरा खिचड़ा, पापड़, खीर शामिल थे। मिलेट्स को प्रोत्साहित करने के लिए ये व्यंजन परोसे गए। मुख्यमंत्री ने कहा- मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए हम हरसंभव प्रयास करेंगे, यह स्वास्थ्य के लिए भी बहुत उपयोगी हैं।

### केबिनेट के फैसले

- विभिन्न प्रकार के पट्टे देने पर कैबिनेट ने सहमति दी
- फसल क्षतिपूर्ति संबंधी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए आरबीसी 6(4) में भी संशोधन कर राशि बढ़ाई गई है, अधिकतम राशि देने वाला मध्य प्रदेश पहला राज्य है
- बिजली विभाग के लाइनमैन को एक हजार रुपए जोखिम भत्ता दिया जाएगा
- ग्वालियर अस्पताल में 972 नए पदों की स्वीकृति
- पन्ना जिले के दो सिंचाई परियोजना की पुनरीक्षित स्वीकृति दी गई
- राजस्व न्यायालयों के कंप्यूटरीकरण के लिए अगले 5 सालों के लिए 7000 करोड़ रूपए की वित्तीय स्वीकृति दी गई
- एक जिला एक उत्पादन के तहत जिले तय किए गए हैं, संवर्धन योजना लागू होगी

### रीवा का कार्यक्रम अद्भुत था

प्रारंभ में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रीवा में सोमवार को संपन्न कार्यक्रम का भी उल्लेख किया जिसमें प्रधानमंत्री श्री मोदी जी शामिल हुए। विभिन्न विकास योजनाओं की शुरुआत के साथ ही कार्यक्रम में संस्कृति विभाग द्वारा प्रस्तुत नृत्य नाटिका धरती कहे पुकार के को देखने के लिए प्रधानमंत्री जी 10-15 मिनट अपने स्थान पर खड़े रहे,. इस नृत्य नाटिका में रासायनिक उर्वरकों से होने वाली क्षति के बारे में जानकारी देते हुए जनजागृति के उद्देश्य से प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई थी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इस शानदार नाट्य प्रस्तुति के लिए संस्कृति विभाग को बधाई दी। कैबिनेट की बैठक प्रारंभ होने के पूर्व राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन हुआ।

**सांध्यप्रकाश विशेष**

# इंदौर कलेक्टर रहे मनीष सिंह के आदेश से एजेंट कंसल्टेंट, सीए-सीएस में हड़कंप

## दलाली की शिकायतों पर एमपीआईडीसी के इंसेटिव कक्ष में एंट्री पर रोक

**इंदौर।** इंदौर के पूर्व कलेक्टर और वर्तमान में एमपीआईडीसी (मप्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड) के प्रबंध निदेशक एमडी मनीष सिंह के आदेश से इंदौर के सीए, सीएस के साथ ही इंडस्ट्रियल कंसल्टेंट और एजेंट में हड़कंप मच गया है। इन सभी के भोपाल स्थित एमआईडीसी के इंसेटिव कक्ष में प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। साथ ही कंपनी, इंडस्ट्री को ईमेल से सूचित कर दिया गया है कि वह इनकी तकनीकी सहायता लेना चाहती है तो लें, लेकिन यहां इंसेटिव कक्ष में अपने नियमित, कर्मचारी को ही भेजें। यहां केवल उन्हीं को प्रवेश दिया जाएगा। साथ ही अधिकृत कर्मचारी जो यहां आएगा उसकी सूचना भी भेजें। हालांकि यह आदेश कुछ दिन पहले का है, लेकिन कंपनियों के पास पहुंचने पर अब यह सामने आया है।




### दलाली की शिकायतों के चलते लगी रोक

दरअसल इंडस्ट्री लगने पर कंपनी को शासन के विविध नियमों के तहत इंसेटिव दिया जाता है, जो करोड़ों मे होता है। इसे रिलीज करने के नाम पर चार फीसदी कमीशन कंपनी से लेने की शिकायतें एमडी स्तर पर पहुंच रही थी। इससे विभाग की छवि खराब हो रही थी क्योंकि यह कमीशन इसी बात पर मांगा जा रहा था कि भोपाल में देना पड़ता है।

### इंदौर के एक सीए को लेकर ज्यादा आ रही थी शिकायतें

वहीं इंदौर और इसके एरिया में ही 70 फीसदी कंपनी, इंडस्ट्री है। यहां के कुछ सीए इसमें अधिक सक्रिय थे। एक सीए तो तीन-तीन कंपनियों के लाइजनर के तौर पर पहुंच रहे थे। बताया जा रहा है कि यह इंदौर के प्रमुख लाइजनर सीए में हैं, जो दो साल पहले पीथमपुर ऑटो क्लस्टर में भी जुड़े थे और निगम के बांड लाने की योजना में भी शरीक थे। एमपीआईडीसी एमडी पद संभालने के बाद इनकी कार्यशैली को लेकर मनीष सिंह कई बार बैठकों में नाराजगी जता चुके हैं। इसके बाद यह आदेश जारी किया गया।

### आदेश में यह व्यवस्थाएं करने के लिए कहा गया

सिंह ने अपने आदेश में महाप्रबंधक इंसेटिव कक्ष को कहा है कि सभी कंपनियों को सूचित किया जाए कि वह नियमित कर्मचारी, अधिकारी को ही कार्यालय में संपर्क करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करें। किसी भी इकाई की ओर से कंसल्टेंट, सीए, सीएस या अन्य व्यक्ति सीधे कार्यालय के इंसेटिव कक्ष में नहीं आएगा। कंपनी इनकी तकनीकी सहायता ले सकती है। लेकिन नोडल अधिकारी ही कार्यालय के संपर्क में रहेगा।

इंसेटिव देने की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन की जाए। जहां इंसेटिव कक्ष हैं, वहां गार्ड बैठाकर सुनिश्चितो हो कि सही व्यक्ति ही अंदर आए। यदि कोई इकाई कंसल्टेंट भेजती है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

# किसानों का भविष्य बनाने का दायित्व अधिकारियों पर: चौहान

## मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त अधिकारियों को प्रमाण पत्र दिए

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्य प्रदेश के किसानों का भाग्य बदलने और उनका भविष्य बनाने का दायित्व अधिकारियों पर है। आगामी 15 अगस्त तक प्रदेश में एक लाख सरकारी पदों को भरने का कार्य पूर्ण किया जाएगा। नौजवानों को काम देकर मध्य प्रदेश को समृद्ध बनाएंगे। श्री चौहान ने आज समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास में वरिष्ठ कृषि विकास




अधिकारियों और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए। इस मौके पर किसान-कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री कमल पटेल, एसीएस कृषि अशोक वर्णवाल, आयुक्त कृषि एम सेल्वेंद्रन भी उपस्थित थे।

श्री चौहान ने कहा मध्य प्रदेश में 700 प्रतिशत उत्पादन बढ़ा है। देश की अर्थव्यवस्था में मध्यप्रदेश का योगदान बढ़ रहा है। प्रदेश में कृषि की नई तकनीक के उपयोग के साथ ही जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। मध्य प्रदेश कृषि क्षेत्र में काफी आगे है। नवनियुक्त कृषि अधिकारी परिश्रम से कार्य करें और संकल्प लें कि मध्यप्रदेश को बदलने का माध्यम बनेंगे, तभी उनका जीवन सार्थक भी होगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने नवनियुक्त अधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कार्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण से हम किसानों की जिंदगी बदलने का कार्य कर सकते हैं।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने एक कहानी के माध्यम से एक कार्य करने वाले तीन श्रमिकों के तीन दृष्टिकोण का उल्लेख किया और कहा कि जो कार्य हमें दायित्व मिला है उसे सौभाग्य मानकर करें, इसी में सार्थकता है। कृषि अधिकारी प्रमाणिकता से कार्य कर अपने दायित्व को पूर्ण करें।

# खंडवा और उज्जैन में एनआईए की रेड

**भोपाल।** देशविरोधी गतिविधियों में लिप्त संगठनों पर लगाम कसने के लिए केंद्रीय एजेंसियां लगातार सक्रिय हैं। इसी सिलसिले में मंगलवार सुबह केंद्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने प्रतिबंधित संगठन पापुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के ठिकानों पर एक बार फिर छापामार कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि एनआईए ने एमपी, यूपी और बिहार में पीएफआइ की कुल 17 जगहों पर दबिश दी है। छापामार कार्रवाई अभी जारी है। बताया जा रहा है कि, राष्ट्रीय जांच एजेंसी की टीम बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश समेत 17 ठिकनों पर छापेमारी कर रही है। जांच एजेंसियों को विशेष इनपुट मिला था कि अभी भी पीएफआई संगठन गैरकानूनी काम कर रहा है। जानकारी के मुताबिक, आई कनेक्शन को लेकर बिहार के मोतिहारी और दरभंगा में जांच एजेंसी ने छापेमारी की है।

# प्रदेश में किसानों की आय दोगुनी नहीं और कम हो गई: कमलनाथ

**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने दावा किया है कि मध्यप्रदेश में किसानों की आय दोगुनी, नहीं और कम हो गई है। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री द्वारा गत दिवस रीवा में किए गए दावे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में 34 लाख किसानों को डिफाल्टर बना दिया गया है।



आज जारी बयान में कमलनाथ ने कहा- मैं आपको बताता हूं कि मध्यप्रदेश में किसानों की आय नहीं, हाय दोगुनी हो गई है। और किसानों की यह हाय आपको ऐसी लगेगी कि सत्ता आपको बाय कहने वाली है। किसानों की कर्ज माफी बंद कर दी गई, किसानों को एमएससी पर मिलने वाला बोनस बंद कर दिया, किसानों की बिजली महंगी कर दी गई, किसानों को ओलावृष्टि का मुआवजा नहीं दिया गया। किसानों में हाहाकार मचा हुआ है। इसीलिए मैं आपसे कह रहा हूं कि झूठ बोलना बंद कर दीजिए। किसानों की आय दुगनी नहीं हुई है, किसानों की हाय दुगनी हुई है। किसानों की हाय लेकर कोई सत्ता में नहीं बना रह सकता। इसलिए किसान और मध्य प्रदेश की जनता अब आपको बाय कहने वाली है।

# नकदी के सुरक्षित परिवहन के लिए गाइडलाइन बनाएगी सरकार: मिश्रा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में नकदी का सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित करने और लूटपाट की घटनाओं पर लगाम लगाने के मकसद से सरकार एक नई पहल करने जा रही है। सरकार द्वारा निजी सुरक्षा एजेंसियों द्वारा कैश (नकदी) के परिवहन को लेकर एक गाइडलाइन तैयार की जा रही है। प्रदेश के गृहमंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने इस आशय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसको लेकर एक प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इसमें अब प्रशिक्षित जवान तैनात होंगे। कैश का परिवहन विशेष रूप से डिजाइन की गई वैन में किया जा सकेगा और परिवहन के दौरान जीपीएस के माध्यम से निगरानी की जाएगी।



नरोत्तम मिश्रा ने मंगलवार सुबह मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ पर भी तंज कसा। कमलनाथ जी हाथ जोड़े खड़े हैं, पूजा पाठ कर रहे हैं। इससे अच्छे दिन और क्या आएंगे? कमलनाथ जी को जब अवसर मिला था तब 15 महीनों में उन्होंने कुछ किया नहीं। दिग्विजय सिंह को लेकर नरोत्तम बोले कि वह न किसी के भाई, ना किसी की जान हैं। पड़ोसी मुल्क में आटा महंगा होने से परेशान है।

# केदारनाथ धाम के कपाट खुले, आज 8 हजार से ज्यादा श्रद्धालु दर्शन करेंगे, 20 क्विंटल फूलों से सजाया

**देहरादून।** उत्तराखंड में केदारनाथ धाम के कपाट मंगलवार सुबह 6.20 बजे खुल गए। मंदिर के मुख्य पुजारी जगद्गुरु रावल भीम शंकर लिंग शिवाचार्य ने मंदिर के कपाट खोले। मंदिर को 20 क्विंटल फूलों से सजाया गया। पिछले 72 घंटों से यहां बर्फबारी हो रही है। खराब मौसम के कारण मंदिर जाने वाले हजारों तीर्थयात्रियों को आगे बढ़ने से रोक दिया गया था। इसके बाद भी बड़ी तादाद में श्रद्धालु पहुंचे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 8 हजार से ज्यादा लोग आज बाबा के दर्शन करेंगे। सुबह पांच बजे से ही कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। धार्मिक परंपराओं के साथ-साथ बाबा केदार की पंचमुखी भोग मूर्ति डोली में रावल निवास से मंदिर परिसर में पहुंची। यहां भक्तों ने बाबा के जयकारे लगाए। तापमान माइनस 6 डिग्री के आसपास है। इसके बाद भी सुबह 4 बजे से मंदिर के बाहर दर्शन के लिए लंबी कतारें देखी गईं।



# महिला रेसलर की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को होगी सुनवाई

## कोर्ट ने कहा- आरोप गंभीर, एफआईआर नहीं करने पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर महिला पहलवानों का धरना तीसरे दिन मंगलवार को भी जारी है। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट 7 महिला रेसलर की याचिका पर सुनवाई करने के लिए राजी हो गया है। कोर्ट ने कहा कि पहलवानों ने याचिका में यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं। इन पर विचार किए जाने की जरूरत है। अब इस मामले में शुक्रवार को सुनवाई होगी।

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ अब तक एफआईआर दर्ज नहीं करने को लेकर दिल्ली पुलिस को भी नोटिस जारी किया है। इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट ने 7 महिला शिकायतकर्ताओं के नाम ज्यूडिशियल रिकॉर्ड से हटाने के लिए कहा, ताकि इनकी पहचान सामने ना आए। 7 महिला रेसरल ने सोमवार को भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए याचिका दाखिल की थी।



**जांच कमेटी में शामिल बबीता ने कहा- मुझसे रिपोर्ट छीनी-** इस बीच, केंद्रीय खेल मंत्रालय की ओवरसाइट कमेटी की मेंबर बबीता फोगाट ने कहा कि जांच ठीक से नहीं हुई, मुझे रिपोर्ट पढ़ने तक नहीं दी। बबीता ने कहा कि सभी की सहमति के साथ रिपोर्ट नहीं बनी है। जांच रिपोर्ट पढ़ते वक्त मेरे हाथ से छीन ली गई थी। साई निदेशक और जांच कमेटी में शामिल राधिका श्रीमन ने मेरे साथ बदतमीजी भी की थी। मेरे कई बिंदुओं को दरकिनार किया गया। मैंने अपनी आपत्ति उस रिपोर्ट में दर्ज करवाई है।

वहीं, इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 7 रेसलर्स की याचिका स्वीकार कर ली है। जिसमें संघ अध्यक्ष बृजभूषण पर एफआईआर की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। केस की अगली सुनवाई शुक्रवार को होगी।

# योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी, आरोपी की पहचान हुई

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी मिलने के बाद यूपी में अलर्ट है। एफआईआर दर्ज कर यूपी एटीएस (आतंकवाद निरोधक दस्ता) को जांच सौंपी गई है। व्हाट्सऐप मैसेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर दी गई है। पता चला है कि रेहान नामक शख्स ने यह धमकी दी है। अब रेहान का पता लगाया जा रहा है। अब तक की जानकारी के मुताबिक, योगी आदित्यनाथ को एक कॉल पर जान से मारने की धमकी मिली है। कॉल टोल फ्री नंबर 112 पर किया गया था। फोन करने वाले ने कॉल के अलावा यूपी पुलिस के सोशल मीडिया डेस्क पर भी मैसेज किया। फोन करने वाले के डीपी के पास अल्लाह शब्द वाली एक तस्वीर थी।



# शहर में उच्च स्तरीय सफाई व्यवस्था बनाने कोई कसर न छोड़ी जाए: महापौर

**स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में भोपाल को नंबर 1 बनाने निगम अधिकारियों की ली बैठक**

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



महापौर मालती राय ने भोपाल शहर की साफ सफाई व्यवस्था को उच्चस्तरीय बनाने व स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में अपने शहर को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग सहित यांत्रिकी, जलकार्य, उद्यान, विद्युत आदि विभागो/शाखाओं के अधिकारियों की बैठक आहूत की।

बैठक में महापौर श्रीमती राय ने निर्देशित किया कि शहर में प्रातः एवं दोपहर बाद होने वाली सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर ढंग से सुनिश्चित किया जाये। महापौर श्रीमती राय ने कहा कि सभी जोन अध्यक्ष व पार्षदगण अपने अपने क्षेत्रों में दोनों समय होने वाली सफाई कार्य का निरीक्षण करें, महापौर स्वयं भी उक्त सफाई कार्यों का निरीक्षण करेंगी। बैठक में गत स्वच्छ सर्वेक्षण में किये गये कार्यों की समीक्षा की गई और स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में बेहतर से बेहतर प्रदर्शन हेतु सुझाव भी आमंत्रित किये गये जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों से चाय पर चर्चा, स्वच्छता जागरूकता हेतु विद्यार्थियों की रैली सहित नुक्कड़ नाटक आदि का सतत आयोजन संबंधी सुझाव दिये गये। बैठक में अपर आयुक्त एम.पी.सिंह, महापौर परिषद के सदस्य आर.के. सिंह बघेल, रविन्द्र यती, अशोक वाणी के अलावा निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

महापौर मालती राय ने सोमवार को आईएसबीटी स्थित कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग सहित यांत्रिकी, जलकार्य, उद्यान, विद्युत आदि शाखाओं के एमआईसी मेंबर्स तथा अधिकारियों की बैठक आहूत की। बैठक में महापौर श्रीमती मालती राय ने गत स्वच्छ सर्वेक्षण में किये गये कार्यों की समीक्षा की और शहर को स्वच्छता में नंबर 01 बनने में जो कमियां/खामियां रह गई हैं उनकी समीक्षा की और स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में निर्धारित मानकों अनुसार सभी गतिविधियों/कार्यों को बेहतर से बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने और शहर की साफ सफाई व्यवस्था को उच्चस्तरीय बनाने के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा अधिकारियों से स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन हेतु सुझाव भी आमंत्रित किये गये। महापौर मालती राय ने निर्देशित किया कि शहर के प्रत्येक क्षेत्र में प्रातः एवं दोपहर बाद होने वाले सफाई कार्य को और अधिक बेहतर ढंग से सुनिश्चित किया जाये।

महापौर श्रीमती राय ने समस्त जोन अध्यक्षों एवं पार्षदगण का आहवान किया कि वे भी अपने अपने क्षेत्रों में निगम द्वारा दिन में दो समय की जाने वाली साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करें और सफाई व्यवस्था में जो भी कमी हो उसे पूर्ण कराकर शहर में उच्चस्तरीय साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करायें। महापौर श्रीमती राय स्वयं भी दोनों समय सफाई कार्यों का निरीक्षण करेंगी। बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में बेहतर से बेहतर प्रदर्शन करने के दृष्टिगत सुझाव भी आमंत्रित किये गये। अनेक अधिकारियों ने स्वच्छता की गतिविधियों में समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कराने के दृष्टिगत विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों के साथ चाय पर चर्चा का आयोजन करने, शहर के प्रमुख स्थानों पर स्वच्छता की थीम पर नुक्कड़ नाटक आयोजित करने, स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं स्वच्छता की गतिविधियों में सक्रिय सहयोग हेतु विद्यार्थियों की रैलियों का शहर भर में आयोजन करने आदि सुझाव दिये गये। महापौर श्रीमती राय ने सभी विभागों को आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करने के निर्देश भी दिये।

## उद्यानिकी कमिश्नर ने जनजातीय क्षेत्र में हाइटेक करेला खेती का किया निरीक्षण

**भोपाल।** भारत सरकार के उद्यानिकी कमिश्नर डॉ. प्रभात कुमार ने बालाघाट जिले के जनजातीय क्षेत्रों में बैगाओं द्वारा की जा रही हाइटेक करेला खेती का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद कमिश्नर डॉ. प्रभात कुमार ने इसकी प्रशंसा की। कमिश्नर ने जनजातीय बाहुल बिरसा विकासखंड के ग्राम बासिनखार बैगा टोला पहुँच कर करेला खेती को देखा। वे खेती से प्रभावित हुए। उन्होंने ग्रामीणों को अन्य सब्जियों की पैदावार लेने की सलाह दी। कमिश्नर ने बताया कि बालाघाट जिले में काजू उत्पादन की काफी अच्छी संभावनाएँ हैं। इसका लाभ जनजातीय किसानों को लेना चाहिए। उन्होंने खाली पड़ी जमीन पर काजू के पौधे लगाने की सलाह दी। उन्होंने ग्राम गोवारी भिमलाट और ग्राम बिरसा में काजू प्लांटेशन का निरीक्षण भी किया। दौरे के समय कमिश्नर के साथ राष्ट्रीय काजू बोर्ड के एडिशनल कमिश्नर डॉ. नवीन कुमार पटले भी मौजूद थे। उन्होंने कृषि विज्ञान केन्द्र बड़गांव के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. आर.एल. राउत और कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों से उद्यानिकी खेती के विस्तार के संबंध में चर्चा की।

## खाद्य अमले ने बोतल बंद पानी के 4 प्लांट से नमूने लिए गए

**भोपाल ।** ग्रीष्मकाल में पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर की बढ़ती हुई खपत के दृष्टिगत कलेक्टर भोपाल आशीष सिंह के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने इंडस्ट्रियल एरिया, गोविन्दपुरा स्थित चार उत्पादन इकाइयों का निरीक्षण कर नमूने एकत्र किये गये। सोमवार को निरीक्षण के दौरान आर. ए. इंटरप्राइजेस से हेल्थ प्लस तथा एक्वस, ओजस इंटरप्राइजेस से बिस्लोनी, लाल आयन एक्सचेंज से नेचर ग्रीन तथा डेल्टा इलेक्ट्रोमेक से जीलअप पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर के नमूने लिये गये। चारों प्रतिष्ठानों में खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों का पालन होना पाया गया। लिये गये नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा जायेगा तथा जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत जरूरत पड़ने पर कार्यवाही की जायेगी।

## मन के चाकर नहीं मालिक बनिये: मुनि निर्दोष सागर

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

एम पी नगर में पीले पाषाण से निर्मित हो रहे देश के विशाल जिनालय में प्रथम तल की मुख्य वेदी के डोम की चाबी रखी गई आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनि अजीत सागर महाराज मुनि श्री निर्दोष सागर महाराज, मुनि श्री निर्लोभ सागर महाराज, मुनि श्री निरुपम सागर महाराज, एलक दया सागर महाराज, एलक विवेकानंद सागर महाराज के सानिध्य में मूलनायक भगवान आदिनाथ का अभिषेक विशेष पूजा अर्चना के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से श्री आदिनाथ विधान के अन्य समर्पित कर आचार्य गुरुदेव के गुणों की वंदना की पंचायत कमेटी ट्रस्ट के प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया इस मौके पर श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की प्रेरणा से देश का भव्य विशाल 5 मंजिला चित्रकूट पंच बालयति जिनालय एमपी नगर कमलापति में बनने जा रहा है आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के शिष्य के सानिध्य में मुख्य डोम की चाबी स्थापित की गई इसको स्थापित करने का सौभाग्य प्रतिभा अभिषेक अनिमेष सर्राफ परिवार को मिला इस अवसर पर पंचायत कमेटी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज बांगा मंत्री मनोज आर एम निर्माण कमेटी संयोजक राकेश जैन ओएसडी मंदिर समिति संयोजक प्रदीप जैन स्वीट्स द्वारा आचार्य श्री के सानिध्य में होने वाले अनुष्ठानों में हमेशा समर्पित रहने वाले सुरेश अनिल जैन कोयला परिवार के साथ सभी पुण्यअर्जक परिवारों को सम्मानित किया गया आशीर्वचन में निर्दोष सागर महाराज ने कहा हमारा मन बड़ा बेईमान होता है चंचल होता है कहता कुछ करता कुछ है जीवन में सुख शांति चाहते हैं मन के चाकर नहीं मन के मालिक बने जिसने मन में कंट्रोल कर लिया उसका कल्याण निश्चित है कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट के मंत्री मनोज आरएम द्वारा किया गया इस अवसर पर प्रमुख रूप से जस्टिस अभय गोहिल, देवेंद्र, रुचि राजेश कोयला, मनोज, एमके भारत, विजय मोदी, विनीत गोधा, एडवोकेट विनोद चौधरी, अनुपम विनोद जैन, एम पी टी ऋषभ जैन, अमित तड़ैया, विपिन जैन, एम पी टी संजय, मुंगावली अभिराज जैन, एडवोकेट ऋषभ जैन, अरविंद जैन सीए सत्येंद्र जैन, गुड्डू योगेश, वंदना, संतोष कुंदन, आजाद मोदी, नितेश मामा, अरविंद जैन रोडवेज सहित अनेक धर्मावलंबी मौजूद थे ।

## स्वास्थ्य परीक्षण कर दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग किए वितरित

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने महापौर मालती राय की उपस्थिति में दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग व उपकरण वितरित किए। शिविर में दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा नगर निगम भोपाल द्वारा सोमवार को अशोका गार्डन स्थित दशहरा मैदान में आयोजित कृत्रिम अंग वितरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शुभारंभ चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने महापौर श्रीमती मालती राय की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया। चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री सारंग ने कहा कि दिव्यांगजन को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु सरकार द्वारा निरंतर कार्य किए जा रहे हे। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर दिव्यांग भाई-बहनों के सशक्तिकरण हेतु इस प्रकार के कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जायेंगे ताकि दिव्यांगजनों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक दिव्यांगजन तक पहुंचे। श्री सारंग ने कहा कि दिव्यांगजन के कल्याण हेतु क्रियान्वित योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु डोर-टू-डोर सर्वे भी किया जाएगा। श्री सारंग ने शिविर में मौजूद दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग व सहयोगी उपकरण उपलब्ध होने पर बधाई दी एवं सुखमय जीवन की कामना भी की। शिविर में 84 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया एवं 13 को प्रमाण पत्र जारी किए गए साथ ही 20 दिव्यांगजन को रेल्वे कन्सेशन हेतु प्रमाण पत्र तथा 10 दिव्यांगजन को ट्रायस्किल, बेसाखी आदि उपकरण वितरित किए गए। शिविर में अपर आयुक्त श्री संदीप केरकिट्टा, महापौर परिषद के सदस्य श्री अशोक वाणी, जोन अध्यक्षद्वय श्री सूर्यकांत गुप्ता व श्री विमलेश ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, नगर निगम एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## बकरी पालन इकाई पर सभी वर्गों को 40 से 60 प्रतिशत तक अनुदान

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

बड़े पशुओं की तुलना में बकरी पालन पशुपालकों के लिए आर्थिक रूप से काफी फायदेमंद है। राज्य शासन द्वारा बैंक ऋण एवं अनुदान पर बकरी इकाई योजना संचालित है। इसमें हितग्राही को 10 बकरी और एक बकरा दिया जाता है। इकाई की लागत 77 हजार 456 रूपये है। सामान्य वर्ग के हितग्राही को इकाई लागत का 40 प्रतिशत और अनुसूचित जाति-जनजाति को इकाई लागत का 60 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। बकरी पालन मजदूर, सीमांत और लघु किसानों में काफी लोकप्रिय है। चाहे घरेलू स्तर पर 2-4 बकरी पालन हो या व्यवसायिक फार्म में दर्जनों, सैकड़ों या हजारों की तादाद में, इनकी देख-रेख और चारा पानी पर खर्च बहुत कम होता है। वैज्ञानिक तरीके से पालन करने से 4-5 माह में आमदनी शुरू हो जाती है। बकरी की प्रजाति का चुनाव स्थानीय वातावरण को ध्यान में रख कर करना चाहिए। कम बच्चे देने वाली या अधिक बच्चे देने वाली बकरियों से कमाई एक-सी ही होती है। उन्नत नस्ल की प्राप्ति के लिए बाहर से बकरा लाकर स्थानीय बकरियों के संपर्क में लाना चाहिए।

आमतौर पर इसके लिए अप्रैल-मई और अक्टूबर-नवम्बर माह अनुकूल रहता है। संभव हो तो बकरी का बाड़ा पूर्व से पश्चिम दिशा में ज्यादा फैला होना चाहिए। बाड़े की लंबाई की दीवार की ऊँचाई एक मीटर और उसके ऊपर 40ङ्ग60 वर्ग फीट की जाली होना चाहिए। बाड़े का फर्श कच्चा और रेतीला होना चाहिए। रोग मुक्त रखने के लिए समय-समय पर चूने का छिड़काव करना चाहिए। जन्म के एक सप्ताह के बाद मेमने और बकरी को अलग-अलग रखना चाहिए। एक वयस्क बकरी को उसके वजन के अनुसार रोजाना एक से तीन किलोग्राम हरा चारा, आधा से एक किलोग्राम भूसा और डेढ़ से चार सौ ग्राम दाना रोजाना खिलाना चाहिए।

बकरियों को साबुत अनाज और सरसों की खली नहीं खिलाना चाहिए। दाने में 60 प्रतिशत दला हुआ अनाज, 15 प्रतिशत चोकर, 15 प्रतिशत खली, 2 प्रतिशत खनिज तत्व और एक प्रतिशत नमक होना चाहिए। बकरियों को पीपीआर, ईटी खुरपका, गलघोंटू और चेचक के टीके जरूर लगवायें। यह टीके मेमनों को 3-4 माह की उम्र के बाद लगते हैं। साथ ही अंतःपरजीवी नाशक दवाइयाँ साल में दो बार जरूर पिलायें। अधिक सर्दी, गर्मी और बरसात से बचाने के इंतजाम करें। नवजात मेमने को आधे घंटे के भीतर बकरी का पहला दूध पिलाने से उसकी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है।

## ग्राम पंचायत कलखेड़ा में मनाया राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत कल खेड़ा में सरपंच संजय पाराशर के साथ राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया। सरपंच के साथ ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री जी के लाइव भाषण कार्यक्रम को पंचायत कार्यालय में देखा गया। पंचायती राज दिवस के अवसर पर सरपंच संजय पाराशर ने ग्रामीणों को बताया कि केंद्र एवं मध्य प्रदेश की सरकार के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है जिससे ग्रामीणों को इसका फायदा मिल रहा है।

सरकार के द्वारा लाडली बहना योजना एक जन कल्याणकारी योजना है जिसका मध्य प्रदेश की लाखों बहनों का इसका फायदा मिल रहा है। सरपंच जी पाराशर का कहना है कि मेरी ग्राम पंचायत आदर्श ग्राम पंचायत बने यह मेरा प्रयास रहेगा। हुजूर विधानसभा क्षेत्र की पंचायतों के विकास के लिए हमारे लोकप्रिय विकास पुरुष रामेश्वर शर्मा जी का विशेष सहयोग और योगदान है। इस अवसर पर भारी संख्या में ग्रामीण जन महिला पुरुष उपस्थित थे। ग्राम पंचायत नाथू बरखेड़ा में सरपंच खेमचंद्र सिंगरौले, सचिव परम सिंह मारण ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस का कार्यक्रम पंचायत कार्यालय में ग्रामीणों के साथ मनाया। ग्राम पंचायत सरवन, ग्राम पंचायत सिकंदराबाद, ग्राम पंचायत मुगालिया छाप, ग्राम पंचायत फंदा, ग्राम पंचायत खजूरी सड़क, ग्राम पंचायत बंगरसिया, ग्राम पंचायत बागरोदा आदि पंचायतों में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाते हुए प्रधानमंत्री का लाइव भाषण ग्रामीणों के साथ सुना।

## पशुओं के एफएमडी टीकाकरण के द्वितीय चरण में भी मध्यप्रदेश आगे

**भोपाल।** पशुपालन एवं डेयरी मंत्री प्रेमसिंह पटेल ने कहा है कि पशुओं में मुँहपका और खुरपका (फूट माउथ डिसीज़) टीकाकरण के द्वितीय चरण में भी मध्यप्रदेश देश में सर्वप्रथम है। प्रदेश ने निर्धारित अवधि से पूर्व 15 फरवरी 2023 को 2 करोड़ 7 लाख 68 हजार गौ-भैंस वंशीय पशुओं का टीकाकरण पूर्ण कर लिया, जो देश में सर्वाधिक है। मंत्री श्री पटेल ने बताया कि राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम में होने वाले एफएमडी टीकाकरण के प्रथम चरण में प्रदेश में 2 करोड़ 52 लाख गौ-भैंस वंशीय पशुओं का टीकाकरण किया गया था। इसमें भी मध्यप्रदेश सबसे आगे था। एफएमडी रोग पशुधन उत्पादों को सर्वाधिक आर्थिक हानि पहुँचाने वाला रोग है। वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन फॉर एनीमल हेल्थ की प्राथमिकता में शामिल इस रोग के उन्मूलन का लक्ष्य वर्ष 2030 है।

मुँहपका एवं खुरपका बीमारी से पशुओं को बचाने का सबसे बेहतर उपाय टीकाकरण ही है। बछिया-बछड़े को पहला टीका 4 माह की उम्र में और दूसरा बूस्टर टीका एक माह बाद लगवाना चाहिये। इस बीमारी में पशु को जाड़ा देकर तेज बुखार आता है और भूख कम हो जाती है। मुँह से लार बहने लगती है। मुँह और खुर पर छोटे-छोटे छाले बन जाते हैं, जो बाद में बड़ा छाला बनने के बाद जख्म में बदल जाते हैं। दुधारु पशुओं का दूध उत्पादन 80 प्रतिशत तक घट जाता है। पशु कमजोर होने लगते हैं। प्रभावित पशु स्वस्थ होने के बाद भी लम्बे अरसे तक कमजोर ही रहते हैं। पशु के बीमार होने पर तुरंत पशु चिकित्सक की सलाह लें और प्रभावित पशु को अलग रखने के साथ पशु-शाला को साफ-सुथरा और संक्रमणनाशी दवाओं का छिड़काव करवाते रहें। एफएमडी रोग का उन्मूलन पशु-पालकों को आर्थिक रूप से काफी मजबूत बनायेगा।

## सनातन जीवन मूल्यों का आधार धर्म है: डॉ. देवेन्द्र दीपक

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



सनातन जीवन मूल्यों का आधार धर्म है। जो भी सनातन जीवन के मूल्यों को आदर्श मानकर सद्कर्म करता है उसका जीवन सफल हो जाता है। यह विचार सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी के पूर्व निदेशक डॉ. देवेन्द्र दीपक ने संत हिरदाराम मेडिकल कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक सांइसेस द्वारा आयोजित नाट्य समारोह में व्यक्त किए।

मध्यप्रदेश के पहले प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विज्ञान चिकित्सा महिला महाविद्यालय के सभागृह में अर्ध्य कला समिति भोपाल के कलाकारों ने डॉ. देवेन्द्र दीपक द्वारा लिखित एवं वैशाली गुप्ता द्वारा निर्देशित नाटक सुषेण पर्व का मंचन किया इस नाटक में 28 से ज्यादा कलाकारों ने हिस्सा लिया। जिसमें गीत एवं संगीत सुश्रुत गुप्ता का था। इस कार्यक्रम में शहीद हेमू कालानी एज्यूकेशनल सोसायटी के अध्यक्ष सिद्ध भाऊजी ने वैद्य राज सुश्रेण के बारे में जिक्र करते हुए बताया कि वे बहुत ज्ञानी थे और राष्ट्रों की सीमा से परे थे। विशुद्ध चिकित्सक भाव से उन्होने रावण व अपने देश लंका की सीमा लांघ कर लक्ष्मण का उपचार किया। सुषेण ने ऐसी औषधियां ढूंढ के दी, जिन्हें सैनिक रात को घाव पर लगाते थे और सुबह तक स्वस्थ हो जाते थे। इस कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि प्रकाश बरतूनिया अध्यक्ष मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम एवं कुलाधिपति डॉ. अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ मौजूद थे। उन्होने कहा कि शिक्षा का जो कार्य संत नगरी में हो रहा है, वह पूरे प्रदेश के लिए मिसाल है। कार्यक्रम के प्रारंभ में शहीद हेमू कालानी ऐज्युकेशनल सोसायटी के सचिव श्री ए.सी. साधवानी जी ने स्वागत उद्बोधन देते हुए अतिथियों को सोसाइटी के विभिन्न शैक्षणिक एवं सेवा कार्यो से अवगत कराया। बतौर मुख्य अतिथि डॉ. देवेन्द्र दीपक जी ने कहा कि सुषेण पर्व नाटक सिर्फ एक साहित्यक कृति नही है, बल्कि यह रामकाज है। उन्होने साधन एवं आराधन की बात करते हुए कहा कि डॉक्टर केवल साधन होते है और ईश्वर की आराधना से ही उत्तम स्वास्थ्य मिलता है। उन्होने कहा कि परमार्थ अथवा सेवा कार्य दर्द निवारक औषधि की तरह होते हैं, जो इहलोक व परलोक दोनो को ही सुधारते है। इस कार्यक्रम में संत हिरदाराम मेडिकल कॉलेज के मैनेजिंग डॉयरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी, सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के मैनेजिंग ट्रस्ट्री लोकचंद जनयानी, संत हिरदाराम मेडिकल कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी एवं योगिक सांइसेस महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हेमांशु शर्मा, डॉ. प्रभा मिश्रा रिटायर्ड प्रोफेसर साधु वासवानी कॉलेज, सुप्रसिद्ध बाल साहित्यकार डॉ. प्रीति प्रवीण खरे, डॉ. मधु चंचलानी प्रोफेसर पीपुल्स कॉलेज, अनेक वरिष्ठ साहित्यकार, पत्रकार एवं बड़ी संख्या में चिकित्सा शिक्षा के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक मौजूद थे। दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण के साथ षुरू हुए इस कार्यक्रम में सभी कलाकारों का संत हिरदाराम मेडिकल कॉलेज की ओर से शॉल श्रीफल भेट कर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर पत्रकार एवं साहित्यकार राजेन्द्र प्रेमचंदानी कमल के द्वारा लिखित एवं संकलित किताब सिंध के क्रान्तिकारी कही-अनकही गौरव गाथाएं की प्रति विशिष्ट अतिथियों को प्रदान की गयी। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रमिता दुबे परमार द्वारा किया गया।

# आयुष्मान कार्ड से उपचार में कोई भी दिक्कत हो तो मुझे बताए: स्वास्थ्य मंत्री

## इंदौर के अस्पताल में भर्ती मरीजों से किया वर्चुअली संवाद

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा है कि आयुष्मान कार्डधारकों को उपचार में कोई दिक्कत आती है, तो वे उनसे सीधे सम्पर्क कर सकते हैं। कार्डधारकों को इम्पेनल्ड हॉस्पिटल्स में 5 लाख रूपये तक निःशुल्क उपचार का प्रावधान है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी सोमवार को अरविंदो मेडिकल कॉलेज इंदौर में आयुष्मान योजना अंतर्गत भर्ती मरीजों से वर्चुअली संवाद कर रहे थे।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने भर्ती मरीज सुश्री अर्चना चौहान, सुश्री विजेता, श्री सईद खान, श्री सुरेन्द्र सिंह, श्रीमती शिवानी से वीडियो कॉल पर चर्चा की। सुश्री अर्चना चौहान ने बताया कि उन्हें गिलैन-बारे सिंड्रोम बीमारी हुई थी। आयुष्मान कार्ड होने से वह बीमारी का उपचार करवा सकी। सुश्री अर्चना के पिता श्री बाबूलाल चौहान ने बताया कि आयुष्मान योजना से मिली मदद से ही पूरा इलाज हो रहा है। अब तक इलाज में 2 लाख 75 हजार रूपये व्यय हुए हैं। उन्हें इलाज पर स्वयं कोई खर्च नहीं करना पड़ा। श्री सईद खान ने बताया कि उन्हें आहार नली में दिक्कत होने पर अस्पताल में भर्ती किया गया और आयुष्मान कार्ड से निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। श्री खान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शुरू की गई आयुष्मान योजना गरीबों की जिंदगी बचा रही है। श्री सुरेन्द्र सिंह सहित अन्य मरीजों ने भी बताया कि उन्हें आयुष्मान-कार्ड पर निःशुल्क उपचार मिल रहा है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने उमरिया जिले के जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानपुर और हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर मालाचुआ में उपचार प्राप्त कर रहे मरीजों से वीडियो कॉल पर चर्चा की। जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीज श्री रामविशाल महार ने बताया कि उन्हें बुखार और पेट में तकलीफ के चलते 3 दिन पहले भर्ती किया गया था। अब उन्हें आराम है। श्री शंकर सिंह ने बताया कि वे सिर में चोट लगने से अस्पताल में भर्ती हुए।

दोनों मरीजों ने बताया कि उन्हें अस्पताल में निःशुल्क दवाइयाँ मिल रही हैं और उनकी पूरी देखभाल की जा रही है। अस्पताल में रोजाना बिस्तर की चादर बदली जाती है। दोनों टाइम भोजन, चाय और नाश्ता मिलता है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने जिला चिकित्सालय स्थित एनआरसी में भर्ती बच्चों के अभिभावकों से भी चर्चा कर मिल रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानपुर में उपचाररत श्री अशोक गुप्ता ने बताया कि उन्हें पूरा उपचार निःशुल्क मिल रहा है। अस्पताल में साफ-सफाई है और चिकित्सक अच्छा व्यवहार करते हैं। हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर मालाचुआ में ब्लड-प्रेशर की जाँच करवाने आई श्रीमती बिलिया बाई ने बताया कि वह नियमित ब्लड-प्रेशर की दवाइयाँ ले रही हैं।

## कम लिंगानुपात वाले जिलों में निगरानी रखें: डॉ. चौधरी



जन्म के समय कम लिंगानुपात दर्शाने वाले जिलों में निगरानी रखें। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने सोमवार को मंत्रालय में गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिशेध) अधिनियम के अंतर्गत राज्य सुपरवाइजरी बोर्ड की बैठक में यह बात कही। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में अच्छा कार्य हुआ है। इसके सकारात्मक परिणाम भी मिल रहे हैं। पीसीपीएनडीटी एक्ट के क्रियान्वयन में भी अच्छा कार्य हुआ है। जन्म के समय लिंगानुपात की स्थिति में सुधार हुआ है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे (एनएफएसएस) की रिपोर्ट में वर्ष 2015-16 में एक हजार बालक पर 927 बालिकाओं के विरुद्ध वर्ष 2019-20 में एक हजार बालक के विरुद्ध 956 बालिकाओं का जन्म हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि प्रदेश में लिंग चयन गतिविधियों के प्रतिशेध के लिये मुखबिर योजना को जन-समुदाय तक पहुँचाने के लिये व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। लिंग चयन एवं लिंग आधारित गर्भपात के दुष्प्रभाव और गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम के संबंध में जानकारी देने के लिये महाविद्यालयीन छात्राओं को ब्राण्ड एम्बेसेडर के रूप में चयनित किया जाने का निर्णय लिया गया था। समुदाय स्तर पर जागरूकता बढ़ाने में ब्राण्ड एम्बेसेडर के रूप में छात्राओं को जिम्मेदारी देने के अच्छे परिणाम प्राप्त हुए हैं। बोर्ड ने इसे एक अच्छी और अनुकरणीय पहल माना है।



जनसंपर्क पर आधारित कार्यशाला के दौरान अपर संचालक जनसंपर्क सुरेश गुप्ता को सम्मानित किया गया।

## एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट कांग्रेस के वचन पत्र में शामिल करने कमलनाथ को लिखा पत्र

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री एवं मप्र मंत्रालय बार ऐसोसियेशन के अध्यक्ष संजय गुप्ता एडवोकेट ने मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ से निवेदन किया है कि आगामी विधानसभा में जो कांग्रेस कमेटी द्वारा वचनपत्र बनाया जा रहा है उसमें इस बात को शामिल किया जाए कि इस वर्ष जैसे ही विधानसभा में कांग्रेस सत्तारूढ़ होगी वैसे ही मप्र में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जावेगा। गुप्ता ने कमलनाथ को पत्र लिखकर निवेदन किया है कि मप्र में लगभग 92 हजार अधिवक्ता है एवं दीवानी एवं फौजदारी प्रकरणों में पैरवी करते हैं, इस कारण कई लोग उनसे रंजिश रखते हैं इस कारण मप्र में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की आवश्यकता है। अभी हाल ही में राजस्थान सरकार ने राजस्थान अधिवक्ता संरक्षक विधेयक 2023 पारित किया है।

## ओबीसी नेता लोकेन्द्र गुर्जर ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की ट्रांसफर याचिकाएं

**जबलपुर।** ओबीसी नेता लोकेन्द्र गुर्जर ने एवं मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर याचिकाएं दाखिल की गई है। उक्त याचिकाओं में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में विचाराधीन समस्त 66 प्रकरणों की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन पूर्व से 4 प्रकरणों के साथ किए जाने की राहत चाही गई है। उक्त ट्रांसफर याचिका में सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया श्री तुषार मेहता ने देश के मुख्य न्यायमूर्ति की कोर्ट में मेंशन करके उक्त याचिकाओं की सुनवाई 28 अप्रैल 2023 को नियत की गई है। उक्त तथ्य की जानकारी हाई कोर्ट के जस्टिस शील नागू एवं जस्टिस डीडी बंसल के समक्ष सुप्रीम कोर्ट के आदेश पत्रिकाएं को प्रस्तुत कर शासन की ओर से अवगत कराया गया तथा ओबीसी नेता लोकेन्द्र गुर्जर की ओर से अधिवक्ता उदय कुमार ने भी कोर्ट को अवगत कराया कि न्यायालय के 20 मार्च 2023 के आदेश के विरुद्ध भी सुप्रीम कोर्ट में ओबीसी नेता लोकेन्द्र गुर्जर ने एसएलपी दाखिल की है जिसमें न्यूट्रल बेंच के गठन किए जाने की राहत चाही गई है ! न्यूट्रल बेंच के गठन से संबंधित दाखिल आवेदन को हाई कोर्ट द्वारा 20 मार्च 2023 को यह कहते हुए निरष्ट कर दिया था कि उक्त आवेदन में प्रकरण की सुनवाई करने वाले न्यायाधीशो तथा बेंच के किसी भी सदस्य के विरुद्ध कोई व्यक्तिगत आरोप नहीं है इसीलिए न्यूट्रल बेंच का गठन किया जाना उचित प्रतीत नहीं होता है। 24 अप्रैल 2023 को उक्त समस्त तथ्यों से कोर्ट को अवगत कराया गया, हाई कोर्ट द्वारा सुप्रीम कोर्ट के उक्त याचिकाओं में पारित निर्णय की प्रतीक्षा हेतु उक्त समस्त प्रकरणों की आगामी सुनवाई 4 मई 2023 को नियत कर दी गई है। ओबीसी नेता लोकेन्द्र गुर्जर की ओर से उदय कुमार, प्रशांत चौरसिया, महेंद्र सिंह, चंद्र कुमार पटेल, परमानंद साहू, राम भजन लोधी, रूप सिंह मरावी, ओम प्रकाश पटेल,राम सिंह ने पक्ष रखा। मध्यप्रदेश शासन की ओर से एडीशनल एडवोकेट जनरल आशीष बरनार्ड तथा विशेष अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर एवं विनायक प्रसाद साह ने पक्ष रखा।

## बड़े तालाब में नए स्थानों पर हो रहा अतिक्रमण, पुराने में ही उलझे अधिकारी

भोपाल। राजधानी की शान बड़ा तालाब अवैध अतिक्रमण की वजह से सिकुड़ता जा रहा है। जिस विभाग पर इसके संरक्षण और निगरानी की जिम्मेदारी है, उसके अधिकारी पुराने अतिक्रमणों को चिह्नित करने में ही उलझे हैं। जबकि इस बीच अतिक्रमणकारी कैचमेंट क्षेत्र में स्थित नए स्थानों पर कब्जा कर फार्म हाउस और कालोनियों का निर्माण कर रहे हैं। बोट क्लब के आगे निर्माणाधीन फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के पास मिट्टी डालकर 15 हजार स्क्वायर फीट जमीन की पुराई कर दी गई है। लेकिन शिकायत करने के बाद भी अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। बड़े तालाब की निगरानी का जिम्मा नगर निगम द्वारा झील संरक्षण प्रकोष्ठ को सौंपा गया है। लेकिन अतिक्रमणकारियों से मिलीभगत होने की वजह से अधिकारी यहां कार्रवाई नहीं करते हैं। यदि उच्च अधिकारियों का दबाव आया तो खानूगांव, लालघाटी व आसपास के हाथठेला और गुमठियों पर कार्रवाई कर पल्ला झाड़ लेते हैं। जबकि बीते वर्षों में किए गए बड़े तालाब के सर्वे में नगर निगम के अधिकारियों ने भी स्वीकार किया है कि यहां एक हजार से अधिक स्थायी अतिक्रमण हैं। इन्हें नोटिस भी जारी किया जा चुका है। लेकिन कार्रवाई नहीं की गई।

## कन्यादान योजना में विवाह के लिए प्रेगनेंसी टेस्ट कराने पर सरकार माफी मांगे: विभा पटेल

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस ने डिंडोरी जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत होने वाली शादियों में मेडिकल चेकअप के नाम पर प्रेग्नेंसी टेस्ट कराए जाने को महिलाओं की निजता का हनन बताया है। इसे अत्यंत आपत्तिजनक और महिलाओं का अपमान कहा है।

मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष एवं पूर्व महापौर विभा पटेल का आरोप है कि शिवराज सिंह चौहान प्रदेश की लाड़ली बहनों का खुद को भाई बताते हुए थकते नहीं हैं, उन्हीं के राज में उनकी ही पार्टी के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय लड़कियों को सूर्पनखा कहते हैं और आज बहनों के साथ ऐसा शर्मनाक कृत्य होना दिखाता है कि भाजपाई बहनों और भारतीय संस्कृति का लगातार अपमान कर रहे हैं। विभा पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना योजना के तहत डिंडोरी जिले के गाड़ासरई में 310 में से 219 आदिवासी युवतियों के सामूहिक विवाह से पहले उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर उनकी गर्भावस्था की जांच करवाना शिवराज सिंह चौहान सरकार के आदिवासी और महिला विरोधी आचरण को उजागर करता है।

प्रदेश की भाजपा नीत शिवराज सिंह चौहान सरकार को इसके लिए माफी मांगना चाहिए। विभा पटेल ने कहा कि अगर शिवराज सिंह चौहान सरकार ने अगर माफी नहीं मांगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नही की तो मध्यप्रदेश में महिला कांग्रेस सभी जिलों में धरना प्रदर्शन व आंदोलन कर भाजपा सरकार का विरोध करेगी। विभा पटेल ने कहा कि इस कृत्य से महिलाओं के सम्मान के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ पुलिस में एफआईआर भी दर्ज की जाना चाहिए यह उनके मानव अधिकारों का भी हनन है।

## नए 96 ग्रिडों के निर्माण से बिजली वितरण क्षमता बढ़ेगी

**भोपाल।** सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति, उपभोक्ता संतुष्टि, राजस्व के लक्ष्य की समय पर पूर्णता, पारदर्शिता और एनर्जी आडिट विभाग की प्राथमिकता है। ऊर्जा विभाग के लाईनमैन से लेकर मुख्य अभियंता तक अपनी जिम्मेदारी समझे और सकारात्मक परिणाम लाएं। प्रमुख सचिव ऊर्जा श्री संजय दुबे ने यह आह्वान इंदौर के पोलोग्राउंड पर हुए मंथन कार्यक्रम में भोपाल से वीडियो कॉफ्रेंसिंग से किया। प्रमुख सचिव ऊर्जा श्री दुबे ने इंदौर शहर की टीम को वर्ष 22-23 में अच्छे कार्य के लिए बधाई दी और इस प्रतिस्पर्धी युग में उत्तरोत्तर कार्य सुधार की आवश्यकता जताई। मंथन में 90 इंजीनियर शामिल हुए। ऊर्जा सचिव एवं बिजली कंपनी के पदेन चेयरमैन श्री रघुराज एम.आर. ने कहा कि आरडीएसएस के कार्य की माहवार प्रगति रिपोर्ट लें। आरडीएसएस से तकनीकी लॉस भी व्यापक रूप से घटेगा। उन्होंने मालवा ङ्कनिमाड़ में 90 से उपर बिलिंग एफिशिएंसी और कलेक्शन एफिशिएंसी 100 प्रतिशत करने के निर्देश दिए। मंथन में पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी के एमडी श्री अमित तोमर ने आरडीएसएस, स्पेक माड्यूल, मैंटेनेंस कार्य, पीएम गति शक्ति के कार्यों का प्रजेंटेशन दिया। इस दौरान बताया गया कि सवा नौ सौ करोड़ से आरडीएसएस का कार्य कराया जा रहा है। कुल 96 ग्रिड तैयार होंगे, केबलीकरण, 11 व 33 केवी की नई लाइन, ट्रांसफार्मरों आदि के कार्य होंगे।

## सूडान में फँसे प्रदेश के नागरिकों की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

**भोपाल।** सूडान संघर्ष के कारण मध्यप्रदेश एवं भारत के विषम परिस्थितियों में फँसे हुए नागरिकों की मदद के लिये मध्यप्रदेश शासन ने सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से एक हेल्पलाइन प्रारंभ की है। सूडान में फँसे मध्यप्रदेश/भारत के नागरिक किसी भी प्रकार की मदद के लिये दूरभाष क्रमांक 91-755-2555582 पर कॉल कर जानकारी दर्ज करा सकते हैं।मध्यप्रदेश के निवासी जिनके परिवार के सदस्य अथवा सम्बन्धी जो सूडान में मुश्किल में फँसे हैं, उनकी सहायता के लिये सीएम हेल्पलाइन 181 पर कॉल कर जानकारी दर्ज कराई जा सकती है।

## सीताराम नाम जप महायज्ञ की कलश यात्रा में पहुंचे देश-प्रदेश से श्रद्धालु

### राजस्व एवं परिवहन मंत्री ने बरमान के लिये रवाना की 40 बसें





**सागर।** राजघाट मां शारदा देवी मंदिर प्रागण में संतश्री आत्मानंददास त्यागी नेपाली बाबा के सानिध्य में होने वाले श्री सीताराम नाम जप 1008 कुंडीय महायज्ञ के लिये सोमवार को राजघाट से बरमान के लिये 40 बसें निकली। जिन्हें राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने रवाना किया। जिसमें यजमान, यज्ञशाला समिति के सदस्य तथा जिले सहित प्रदेश देशभर से आये श्रद्धालु बरमान नर्मदा जल लेने के लिये कलश यात्रा में पहुंचे। राजपूत द्वारा सभी श्रद्धालुओं को बस में व्यवस्थित बैठाकर नर्मदा जल लेने के लिये रवाना किया साथ ही बरमान पहुंचकर पुनः श्रद्धालुओं का मां नर्मदा के घाट पर स्वागत किया एवं समस्त श्रद्धालुओं के साथ नर्मदा में स्नान करते हुये विधि विधान से पूजा अर्चना की। बरमान में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं मेले के प्रवक्ता राजकुमार बरकोटी ने बरमान में श्रद्धालुओं के लिये नर्मदा जल का प्रबंध एवं अन्य व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया। जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, वीरेन्द्र पाठक, मूरत सिंह राजपूत, अरविंद सिंह टिंकू राजा, आकाश सिंह राजपूत, कुंवर सिंह ठाकुर, भाजपा नेता देवेन्द्र पप्पू फुस्केले, रामेश्वर नामदेव सहित सभी सदस्यों द्वारा श्रद्धालुओं को बरमान में नर्मदा जी के मंदिर व उनके भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई। बरमान से लगभग 4 बजे कलश यात्रा नर्मदा जल लेकर सीताराम नाम जप यज्ञशाला पहुंची जहां विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। गौरतलब है कि विश्व कल्याण के लिये हो रहे श्री सीताराम नाम जप 1008 कुंडीय महायज्ञ में नर्मदा जी के जल से 9 दिन तक शिव जी का अभिषेक यजमान करेंगे। यज्ञशाला में श्रद्धालुओं को रूकने की व्यवस्था भी की गई है जहां उनके भोजन प्रसादी की संपूर्ण व्यवस्था यज्ञ समिति द्वारा कराई गई है।

## क्लीनिकल एप्लाइड फिजियोलॉजी विषय पर विशिष्ट लेख का विमोचन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



क्लीनिकल एप्लाइड फिजियोलॉजी नामक मोनोग्राफ (विशेष लेख) का विमोचन डॉ. वाई के गुप्ता अध्यक्ष एम्स, भोपाल, द्वारा किया गया । इस अवसर पर एम्स, भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ ) अजय सिंह, उपनिदेशक प्रशासन डॉ. (कर्नल) अजीत कुमार, डीन अकादमिक डॉ. राजेश मलिक, डीन छात्र कल्याण डॉ. बालकृष्ण, डॉ. संतोष वाकोड़े विभागाध्यक्ष फिजियोलॉजी , संकाय सदस्य डॉ वरुण मल्होत्रा , डॉ सुनील चौहान तथा डॉ विशाल भी उपस्थित थे । मोनोग्राफ (विशेष लेख) के लेखक डॉ वरुण मल्होत्रा, फिजियोलॉजी विभाग, डॉ दानिश जावेद, एसएमओ, आयुष विभाग और डॉ बृजेश कुमार, एनाटॉमी विभाग हैं । मोनोग्राफ प्रमुख रूप से एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए हिंदी और अंग्रेजी में लिखा गया है । इसमें सीएनएस और एंडोक्राइन फिजियोलॉजी पर समस्या-आधारित लेख शामिल है । आशा है यह मोनोग्राफ केस आधारित शिक्षण पद्धति के जरिए छात्रों को अर्ली क्लीनिकल एक्सपोजर (ईसीई) के माध्यम से सीखने के लिए प्रेरित करेगा । जिसमें संकाय सदस्य छात्रों को छोटे समूहों में स्व-निर्देशित आधार पर सीखने की सुविधा प्रदान करेंगे । यह हिंदी भाषी छात्रों की जरूरतों और ईसीई पर एनएमसी के दिशानिर्देशों को पूरा करेगा। क्लीनिकल एप्लाइड फिजियोलॉजी नामक अंग्रेजी संस्करण भी ऑनलाइन लिंक https://bubblin.io/cover/clinical-applied-physiology-by-dr-varun-malhotra # frontmatter पर स्वतंत्र रूप से उपलब्ध है। दुनिया भर में इसके लगभग 1,60,000 पाठक हैं।

## भोजन को निगलने में कठिनाई को अनदेखा ना करें, एम्स की-होल सर्जरी सुविधा उपलब्ध

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान(एम्स), भोपाल के सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में एकलेसियाकार्डिया के नामक आहारनली की एक दुर्लभ बीमारी के लिए की-होल (लेप्रोस्कोपिक) सर्जरी की सुविधाप्रारंभ हो गई है।इस बीमारी की स्थिति में, भोजन नली की मांसपेशियां ठीक से काम नहीं करती हैं। जिसकेपरिणामस्वरूप आहारनली से पेट में भोजन के मार्ग में रुकावट होती है जिससे भोजन को निगलने मेंकठिनाई होना, सीने में दर्द, वजन कम होना, रात का समय खांसी या कभी-कभी भोजन विशेष रूप सेसोते समय भोजन आहानली से वापस मुंह में आ जाना जैसी दिक्कतें आती हैं।सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के विभागध्यक्ष डॉ विशाल गुप्ता ने बताया कि यह स्थिति हृदय गति रूकने(हार्ट फेल्योर) की स्थिति, जिसमें हृदय रक्त को प्रभावी ढंग से पंप करने में विफल रहता है, के समान है।इस स्थिति में आहारनली भोजन को प्रभावी ढंग से पेट में धकेलने में विफल रहती है। चूंकि इसके कोईविशिष्ट लक्षण नहीं होते हैं और आमतौर पर रोगी देरी से उपस्थित होते हैं या उन्हेंरिफ्लक्स या जलन(हार्टबर्न) जैसी अन्य सामान्य स्थिति के लिए उपचार मिलता है। कभी-कभी वे वर्षों तक अपने लक्षणोंकोअनदेखा करते हैं। फिर वे बार-बार छाती के संक्रमण या बढ़ी हुई विशाल ईसोफेगस जिसे हम मेगा-ईसोफेगस के नाम से जानते हैं के साथ एक उन्नत चरण में जटिलताओं के साथ उपस्थित होते हैं।

## सरोगेसी अधिनियम के क्रियान्वयन में मप्र अग्रणी राज्यों में शामिल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम-2021 के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश, देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को मंत्रालय में हुई राज्य सहायता प्राप्त जननीय प्रौद्योगिकी एवं सरोगेसी बोर्ड की बैठक में यह जानकारी दी गई। बताया गया कि अधिनियम में राज्य बोर्ड, जिला समुचित प्राधिकारी और जिला अपीलीय अधिकारी को अधिसूचित करने संबंधी कार्य करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है। प्रदेश में अधिनियम के अधीन 74 संस्थाओं का पंजीयन किया गया है। इन संस्थाओं में एआरटी बैंक, एआरटी लेवल-1 क्लीनिक, एआरटी लेवल-2 क्लीनिक और सरोगेसी क्लीनिक शामिल हैं। अधिनियम में सरोगेसी प्रक्रिया के लिये प्रोसेस फ्लो और विभिन्न प्रारूपों के निर्धारण में भी मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है। बोर्ड की बैठक में विधायक श्रीमती राजश्री रुद्र प्रताप सिंह, अपर मुख्य सचिव श्री मोहम्मद सुलेमान, स्वास्थ्य आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, सदस्य डॉ. रणधीर सिंह, डॉ. वीरेन्द्र शाह, डॉ. श्रीमती अरुणा कुमार, डॉ. श्रीमती प्रिया चित्तावर, डॉ. श्रीमती वीणा दाणी और श्रीमती प्रार्थना मिश्रा उपस्थित थे। संयुक्त संचालक विनियमन डॉ. प्रज्ञा तिवारी ने प्रदेश में अधिनियम के क्रियान्वयन की स्थिति पर प्रस्तुतिकरण दिया।

स म्पा द की य

# कुछ हल तो निकले

आखिर देश के टॉप मेडल विजेता पहलवान एक बार फिर जंतर मंतर पर क्यों बैठे? इस सवाल का जवाब तो आना ही चाहिए। क्या उनके आरोपों की उच्च स्तरीय जांच नहीं होना चाहिए? आने वाली पीढ़ी को एक अच्छा संदेश तो मिले। आखिर ऐसी परिस्थिति में कौन अपने बच्चों को जानकर शोषण के दावानल में धकेलना चाहेगा?

स्थिति वाकई दुर्भाग्यपूर्ण है। ये लोग धरनास्थल पर रात बिता रहे हैं और उनका कहना है कि जब तक उनकी शिकायत पर उपयुक्त कार्रवाई नहीं होती वह धरने पर बैठे रहेंगे। यह खासकर इसलिए कि पहलवानों ने कोई पहली बार अपनी मांग नहीं रखी है। तीन महीने पहले भी वे धरने पर बैठे थे। उनकी शिकायत भी कोई मामूली नहीं है। भारतीय कुश्ती महासंघ और उसके अध्यक्ष के खिलाफ यौनशोषण का आरोप ऐसा नहीं हो सकता, जिसे नजरअंदाज कर दिया जाए। अचरज की बात तो यह है कि तब इन पहलवानों को पूरे मामले की जांच-पड़ताल के बाद मुनासिब कार्रवाई का जो आश्वासन दिया गया था, वह किसी अंजाम तक पहुंचता नहीं दिख रहा।

पिछली बार जब ये लोग धरने पर बैठे थे, उस समय जानी-मानी बॉक्सर मैरी कोम की अध्यक्षता में एक समिति बनाई गई थी। कहा जा रहा है कि उस समिति ने इसी महीने के पहले हफ्ते में अपनी रिपोर्ट भी सौंप दी थी, लेकिन उस बारे में कोई औपचारिक सूचना उपलब्ध नहीं है। अगर सचमुच यह रिपोर्ट आ गई है तो उसे सार्वजनिक क्यों नहीं किया गया? चूंकि इस मामले में आरोप सार्वजनिक तौर पर लगाए गए हैं, इसलिए गोपनीयता बरतने का कोई मतलब नहीं बनता। और यदि इनके आरोप एकदम गलत हैं तो वो भी सामने आना ही चाहिए।

देशवासियों के सामने उन पहलवानों और महिला पहलवानों ने आकर शिकायत की है, जो देश का गौरव हैं। चाहे कुश्ती महासंघ हो या खेल मंत्रालय, वे समय पर इनकी शिकायत सुनने और उनका हल निकालने में नाकाम रहे हैं। तभी ये पहलवान जंतर-मंतर पर धरना देने को विवश हुए। इसलिए अब दूध का दूध और पानी का पानी होना चाहिए। अगर इन पहलवानों की शिकायत गलत पाई गई तो वह बात भी सार्वजनिक की जानी चाहिए। लेकिन अगर उनकी शिकायत सही है तो दोषी व्यक्तियों के खिलाफ बिना देर किए कार्रवाई होनी चाहिए। चूंकि ऐसा होता नहीं दिख रहा, इसलिए खेल मंत्रालय समेत देश का पूरा खेल ढांचा संदेह के घेरे में आ रहा है। और, अब तो एक नाबालिग समेत सात महिला पहलवानों ने पुलिस में भी शिकायत दर्ज करा दी है।

हालांकि शिकायत मिल जाने के बाद भी पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की और इसके लिए भी पहलवानों को अदालत का रुख करना पड़ा। समझना चाहिए कि यह किसी खेल संगठन या उसके पदाधिकारियों से ही जुड़ा मसला नहीं है। इससे यह सवाल भी जुड़ा है कि हम खिलाड़ियों के साथ किस तरह का व्यवहार करते हैं? उनकी शिकायतों को कितनी गंभीरता से लेते हैं? दुनिया में देश का मान बढ़ाने वाले इन खिलाड़ियों को इंसाफ पाने के लिए बार-बार ऐसे सड़क पर उतरना पड़े, यह सरकार और प्रशासन के लिए कोई अच्छी बात नहीं है।

खेल जगत पर यदि थोड़ा भी गंभीरता से नजर डालें तो अंदर कोई बहुत अच्छे हालात नहीं हैं। हर दूसरे खेल में राजनीति और राजनीतिक हस्तक्षेप साफ-साफ दिखता है। तैराकी, कुश्ती व कुछ अन्य खेलों में तो शोषण के मामले भी जब-तब सामने आते रहे हैं। एक तरफ राजनीतिक हस्तक्षेप, दूसरी ओर खेलों में एक रैकेट जैसा बन जाना, दोनों ही बहुत खतरनाक हैं। जितने भी खेल संगठन या खेल संघ बने हैं, वहां खासी राजनीति देखने को मिलती है। तमाम संगठनों पर तो नेताओं का ही कब्जा है और कई परदे के पीछे से चलाते हैं। वैसे, एक सच यह भी है कि अराजनीतिक संगठनों के हाल भी बहुत अच्छे नहीं हैं। लेकिन कहीं न कहीं खेलों में हम जिस तरह से आगे बढ़ रहे हैं, हमारे यहां दूरदराज की प्रतिभाएं भी उभर कर सामने आ रही हैं, हमें गंदी राजनीति को तो साफ करना ही होगा। संगठनों की कार्यप्रणाली से लेकर चुनावों तक में पारदर्शिता होना चाहिए, जो कि कतई नहीं है। पता ही नहीं चल पाता कि कब किसके चुनाव हो गए, कहां -कौन काबिज हो गया?

फिलहाल जो मामला जंतर-मंतर पर उठाया गया है, उसका निराकरण होना बहुत आवश्यक है। यह एक खेल का नहीं, पूरे देश का मामला है। और जहां महिलाओं की शिकायत पर बिना जांच तक के एफआईआर दर्ज होती हो, वहां इतनी संख्या में युवतियां आरोप लगा रही हैं, पुलिस को शिकायत कर चुकी हैं, न कहीं एफआईआर का अता-पता और न ही जांच रिपोर्ट का। और सबसे बड़ी बात तो यह है कि जिसके खिलाफ आरोप लग रहे हैं, उनका पुराना रिकार्ड आपराधिक ही रहा है। इसे कैसे छिपाएंगे? और सरकार आखिर जिद पर क्यों अड़ी है कि हटाना ही नहीं है?

# सुनी सुनाईः अगले महीने मंत्रिमंडल फेरबदल तय

**रवीन्द्र जैन**

मप्र में अगले महीने मंत्रिमंडल फेरबदल



लगभग तय माना जा रहा है। यह फरवरी में होना था, लेकिन हाईकमान की हरी झंडी नहीं मिल सकी। अब खबर आ रही है कि कर्नाटक चुनाव के तत्काल बाद पार्टी हाईकमान का पूरा फोकस मप्र सहित तीन राज्यों पर होगा। पिछले दो महीने में पार्टी हाईकमान ने मप्र के प्रभारी और सह संगठन मंत्री सहित अपने सूत्रों से मप्र की जमीनी हकीकत का मूल्यांकन कर लिया है। इस दौरान प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मप्र के दौरे पर कर लिये हैं। अब मंत्रिमंडल में फेरबदल के संकेत दे दिये गये हैं। चर्चा है कि जिन मंत्रियों को अगला चुनाव नहीं लड़ाना है उन्हें कैबिनेट से बाहर कर दिया जाएगा। बड़ी संख्या में नये चेहरों को मौका मिल सकता है। सबसे अधिक नुकसान सिंधिया समर्थकों का हो सकता है। सर्वे और रिपोर्ट के आधार पर लगभग आधा दर्जन सिंधिया समर्थक मंत्री कैबिनेट से बाहर हो सकते हैं।

**भाजपा में उमा भारती का विकल्प धीरेन्द्र शास्त्री**

भाजपा को लंबे समय बाद बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र शास्त्री के रूप में उमा भारती का विकल्प मिल गया है। खबर आ रही है कि भाजपा ने धीरेन्द्र शास्त्री की लोकप्रियता को भुनाने की योजना बनाना शुरु कर दिया है।





धीरेन्द्र और उमा भारती में बहुत सी समानताएं हैं। दोनों बुंदेलखंड के हैं। दोनों सामान्य परिवार से हैं। दोनों की लौकिक पढाई बहुत कम हुई है। दोनों कथावाचक से शुरु हुए हैं। दोनों के पास पर्याप्त आध्यात्मिक ज्ञान है। दोनों छोटी उम्र में देश विदेश में लोकप्रियता के चरम पर पहुंच गए हैं। संघ ने उमा भारती को राम मंदिर आन्दोलन से जोड़ा था। धीरेन्द्र शास्त्री ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हिन्दू राष्ट्र के एजेंडे को थाम लिया है। राजनीतिक क्षेत्र में चर्चा है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में धीरेन्द्र शास्त्री भाजपा के घोषित अघोषित स्टार प्रचारक होंगे। यह भी संभव है कि भारत को हिन्दु राष्ट्र बनाने संसद में आवाज बुलंद करने के नाम पर धीरेन्द्र शास्त्री को भाजपा के टिकट पर संसद भेजने की तैयारी हो। यदि ऐसा होता है तो उमा भारती की तरह धीरेन्द्र शास्त्री भी खजुराहो से भाजपा के उम्मीदवार हो सकते हैं। बागेश्वर धाम इसी लोकसभा क्षेत्र में आता है।

**एनएचएम में 20 करोड़ का कथित घपला!**

एनएचएम यानि नेशनल हेल्थ मिशन में एक साफ्टवेयर को लेकर लगभग 20 करोड़ के घपले घोटाले की चर्चा तेज है। दरअसल स्वास्थ्य विभाग की सभी ऑनलाइन जानकारियों को एक बटन पर लाने के लिये यह साफ्टवेयर बनवाया जा रहा है। मप्र की स्थानीय कंपनियों ने लगभग 5 करोड़ का ऑफर दिया था। एनएचएम के जिम्मेदार अफसरों ने माल कूटने के लालच में जानबूझकर ऐसी शर्तें शामिल की जिन्हें सिर्फ दो कंपनी ही पूरा कर सकती थी। इन बेमतलब की शर्तों को आधार बनाकर मप्र की कंपनियों को बाहर करके 5 करोड़ का यह काम 26.99 करोड़ में दिया गया है। एनएचएम में अफवाह तेज है कि इस वर्क आर्डर के लिये 20 करोड़ की बंदरबांट हुई है। इस टेंडर प्रक्रिया में बहुत से झोल साफ नजर आ रहे हैं। इस घोटाले की शिकायत दस्तावेजों के साथ लोकायुक्त और हाईकोर्ट में करने की तैयारी है।

**मप्र में सौ से अधिक मंत्री**

मप्र में शायद पहला राज्य हैं जहां अब तक सौ से अधिक मंत्री हूटर बजाते घूम रहे हैं। निगम मंडलों व प्राधिकरणों में पद के साथ मंत्री पद का दर्जा देने का क्रम अभी जारी है। विधानसभा चुनावों को देखते हुए मप्र में मंत्री पद रेबडियों की तरह बांटे जा रहे हैं। अभी तक 70 से अधिक भाजपा नेताओं व संघ से जुड़े लोगों को मंत्री पद की खैरात मिल चुकी है। जबकि शिवराज मंत्रिमंडल में मात्र 30 मंत्री ही हैं। खास बात यह है कि इन 70 मंत्री दर्जा प्राप्त लोगों में वे 7 सिंधिया समर्थक भी हैं जिन्होंने कांग्रेस से बगावत करके भाजपा की सरकार बनवाई थी। लेकिन उपचुनाव में बुरी तरह हारने के बाद इन सभी को निगम अध्यक्ष बनाकर कैबिनेट मंत्री का दर्जा दे दिया गया है। चर्चा है कि अभी लगभग तीन दर्जन से अधिक लोग मंत्री दर्जा लेने की जुगाड में भाजपा और संघ कार्यालयों में सक्रिय हैं।

**किसे मिलेगी मुरैना पुलिस अधीक्षक की कुर्सी?**

चंबल संभाग के सबसे संवेदनशील जिले मुरैना में पुलिस अधीक्षक की कुर्सी पिछले बीस दिन से खाली पड़ी है। तमाम शिकायतों के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुरैना में आशुतोष बागरी को एसपी पद से हटाने की घोषणा तो कर दी, लेकिन मुरैना एसपी के लिये किसी एक नाम पर सहमति नहीं बन पा रही है। चर्चा है कि पहले कटनी एसपी से हटाये गये सुनील जैन को मुरैना भेजने का प्रस्ताव आया, लेकिन इस नाम पर सहमति नहीं बन पाई। अब



चर्चा है कि मुरैना के एडीशनल एसपी रायसिंह नरवरिया को ही मुरैना की कमान मिल सकती है। दरअसल 2 मई को दिल्ली में राज्य पुलिस सेवा से भारतीय पुलिस सेवा में पदोन्नति के लिये बैठक है। इसमें नरवरिया का आईपीएस बनना तय है। वर्तमान में मुरैना एसपी का चार्ज नरवरिया के पास ही है। उनकी छवि बेहतर है। यह भी संभव है कि 2 मई के बाद नरवरिया या उनके साथ आईपीएस प्रमोट होने वाले किसी अन्य अफसर को मुरैना एसपी की कुर्सी मिल जाए!

**और अंत में...**

मप्र भाजपा विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर खासे परेशान रहते हैं। उन्हें डर बना रहता है कि उनके क्षेत्र में पार्टी का दूसरा नेता पनपना नहीं चाहिए। भोपाल में एक बड़बोले विधायक ने अपनी ही पार्टी की महिला नेत्री को दूरभाष पर हड़का दिया है। किस्सा अंबेडकर जयंती का है। जब महिला नेत्री ने समर्थकों के जरिए अपने विधानसभा क्षेत्र के किनारे पर एक बड़ा आयोजन करवा दिया। जैसे ही यह खबर विधायक तक पहुंची तो उन्होंने अपने समर्थकों के सामने ही महिला नेत्री को साफ बोल दिया कि मेरे क्षेत्र की ओर आंख उठाकर भी मत देखना। आगे से जो भी कार्यक्रम करना हो तो मुझसे पूछकर करें। महिला नेत्री ने सफाई में कहा कि कार्यक्रम उन्होंने नहीं करवाया, समर्थकों ने कर दिया। उन्होंने गलती से बैनर में फोटो बड़ी लगवा दी। विधायक ने महिला नेत्री से कहा कि मुझे राजनीति मत सिखाओ। यहां बता दें कि महिला नेत्री प्रदेश पदाधिकारी हैं। पहले विधायक भी वही जिम्मेदारी संभाल चुके हैं, जो महिला नेत्री संभाल रही हैं।

# देश : समस्याओं का हल ऐसे निकलेगा?

**-राकेश दुबे**

देश में किसान, मजदूर व युवावर्ग के हितों के मुद्दों पर कोई नीति नहीं है और कोई इन पर बात भी नहीं करना चाहता। जिस सभा अर्थात् संसद में इस पर बहस हो तथा कोई योजना बने, उसे सांसद चलने नहीं देते । 'भर्तृहरि' द्वारा रचित नीतिकाव्य 'नीतिशतक' में वर्णित लक्षण अर्थात राजनीति भी तवायफ की भांति अनेक प्रकार के रूप धारण करती है, पर देश चल रहा है । वर्तमान सियासत के लक्षण को राजा 'भर्तृहरि' ने सैकड़ों वर्ष पूर्व भांप लिया था।

आम लोग अपने बेशकीमती वोट की ताकत से लोकतंत्र की संस्थाओं में प्रतिनिधि इस उम्मीद से चुनकर भेजते हैं ताकि किसान, मजदूर व युवावर्ग के हितों के मुद्दों पर बहस हो तथा कोई योजना बने। लोगों को महंगाई की गर्दिश से राहत मिले तथा युवाओं को रोजगार के साधन उपलब्ध हों, मगर सत्ता की चौखट पर पहुंचने के बाद आवाम की खिदमत के लिए किए गए वादों के आब-ए-आईना की चमक आमतौर पर धुंधली पड़ जाती है।

दिल्ली सूबे पर हुकूमत करने वाले सियासी दल के वजीरों ने देश की राजधानी में 'डिग्री दिखाओ' अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान ऐसे वक्त में शुरू हुआ है जब देश में बेरोजगारी के सैलाब में फंसकर रोजगार की जुस्तजू में सबसे बड़ी तादाद डिग्री धारक युवाओं की है। करोड़ों डिग्रीधारकों की फौज देश के रोजगार कार्यालयों के बाहर हाथों में अपनी डिग्रियां लेकर कतारों में लगी है। दुश्वारियों के दौर से गुजर रहे बेरोजगार युवाओं की आधी जिंदगी डिग्रियों की फोटोकॉपी व लेमिनेशन कराने में तथा रोजगार समाचार पत्रों का अध्ययन करके रोजगार कार्यालयों के चक्कर काटनें में ही व्यतीत हो रही है।

प्रश्न यह है कि वीआईपी सुरक्षा के घेरे में महफूज रहने वाले प्रतिनिधियों को क्या लोगों को डिग्रियां दिखाने के लिए चुनकर भेजा है। डिग्रियों का महत्त्व अपनी जगह हो सकता है। देश को उन्नति के शिखर पर पहुंचाने के लिए जमीनी स्तर पर योगदान और संसद में ये मुद्दे उठाने वाले देने वाले सियासी रहनुमाओं की जरूरत है।

कृषि क्षेत्र में दिन-रात संघर्ष करने वाले किसान डिग्रीधारक नहीं हैं, मगर मुल्क की 140 करोड़ आवाम को अनाज मुहैया करवाकर किसान खाद्यान्न क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बना चुके हैं। खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय खेल पटल पर देश का गौरव बढ़ा रहे हैं, लेकिन देश के सैकड़ों डॉक्टर व इंजीनियर निजी क्षेत्र व विदेशों का रुख करने को मजबूर हैं। देश के कई वैज्ञानिक 'नासा' जैसी एजेंसी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। भारत के कई प्रतिभावान युवा विदेशी कंपनियों के उच्च पदों पर आसीन हैं। लेकिन, देश में गुरबत से जूझ रही आवाम महंगाई व भ्रष्टाचार से परेशान है।

प्रजातंत्र का बुनियादी स्तंभ युवावर्ग रोजगार को मोहताज है। देश में वीआईपी कल्चर व सियासी रसूखदारी का बोलबाला बढ़ रहा है। आम लोगों से जुड़े मुद्दे हाशिए पर जा रहे हैं, मगर सरकारी इदारों पर विराजमान ज्यादातर डिग्रीधारक अहलकारों की योग्यता को आरक्षण व्यवस्था के तहत सहारा दिया जाता है। देश के सियासी रहनुमाओं का मुकद्दर आम लोगों के वोट से तय होता है। जम्हूरियत के निजाम पर हुक्मरानी करने वाले सियासतदान अपने सियासी मुस्तकबिल के लिए बेचैन होकर लोकतंत्र की बुलंदी पर बैठने को बेताब हैं। शिक्षा व्यवस्था में अंग्रेजी भाषा के बढ़ते वर्चस्व से देश के निजी शिक्षण संस्थान एक बड़े शिक्षा व्यवसाय का रूप ले चुके हैं। ट्यूशन व कोचिंग के नाम पर करोड़ों रुपए का व्यवसाय हो रहा है। आरक्षण व्यवस्था व बेरोजगारी के आगे डिग्रियों की चमक वैसे भी फीकी पड़ चुकी है।

देश में चपरासी पद के लिए हजारों की संख्या में डिग्रीधारक आवेदन करते हैं। वास्तव में मौजूदा शिक्षा पद्धति डिग्री हासिल करने तक ही सीमित रह चुकी है। व्यवहार या कौशल की शिक्षा नहीं बनी, जो युवाओं को रोजगार के साधन मुहैया कराए। इसी कारण विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी वाले देश भारत में बेरोजगारी देश के विकास में प्रमुख बाधा बन चुकी है। आखिर डिग्री धारक बेरोजगार हैं तो दोष किसका है, शिक्षा में गुणवत्ता या कौशल व हुनर की कमी, इस मुद्दे पर बहस होनी चाहिए।बहस कि जगह संसद जिसे कभी प्रतिपक्ष तो कभी सत्तारूढ़ दल चलने नहीं देते।

आज देश को महंगाई, भ्रष्टाचार व नशाखोरी जैसी समस्याओं से राह-ए-निजात तलाशने की जरूरत है। डिग्रियों पर बेवजह विलाप करने वाले सियासतदानों को समझना होगा कि देश को गुलामी की दास्तां से मुक्त कराने के लिए तख्ता-ए-दार पर झूलने वाले इंकलाबी चेहरे डिग्रीधारक नहीं थे। जब देश की सरहदें आतंक के मरकज पाकिस्तान व विस्तारवादी शातिर चीन से सटी हों, दुनिया के दुर्दांत आतंकी संगठन देश को दहलाने की फिराक में बैठे हों, सांप्रदायिक माहौल तैयार करके देश विरोधी तत्व राष्ट्र को खंडित करने का मंसूबा तैयार कर रहे हों तो देश की अस्मिता व स्वाभिमान को महफूज रखने के लिए उम्दा कूटनीति की ज़रूरत है जो सिर्फ़ संसदीय बहस से पैदा हो सकती है।

# अजित और शरद पवार पर हैं भाजपा की निगाहें

**अरुण पटेल**

महाराष्ट्र में इन दिनों राजनीतिक गलियारों में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सुप्रीमो शरद पवार और महा विकास अघाडी सरकार में उप मुख्यमंत्री रहे उनके भतीजे अजित पवार की भावी राजनीतिक दिशा क्या होगी इस पर सबकी निगाहें लगी हुई हैं। इसका कारण यह है कि अजित पवार पर भाजपा डोरे डाल रही है तो वहीं दूसरी ओर शरद पवार से उद्योगपति गौतम अदानी की मुलाकात हुई है। अजित पवार के इस दावे के बाद कि वह मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी संभालने को तैयार हैं, से राजनीतिक गलियारों में अटकलबाजी का दौर चालू हो गया है। उद्धव ठाकरे के करीबी नेता संजय राऊत ने यह कहकर माहौल में गर्माहट पैदा कर दी कि अजित पवार में मुख्यमंत्री बनने का सामर्थ्य है।

उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को लेकर लगातार पिछले दिनों से यह चर्चा आम रही है कि अजित पवार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी छोड़कर अपने 40 विधायकों के साथ भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाने वाले हैं और इसके कारण महाराष्ट्र में महा विकास आघाडी गठबंधन का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाएगा।

इस पूरे विवाद के पीछे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष शरद पवार व राष्ट्रवादी कांग्रेस के ही नेता व महाविकास अघाड़ी के विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता अजित पवार सहित सांसद सुप्रिया सुले व उद्धव गुट के नेता व सांसद संजय राउत के बयानों ने राजनैतिक वातावरण में अधिक भ्रम पैदा किया। महा विकास अघाड़ी के इन नेताओं के बयानों का भाजपा ने सबसे ज़्यादा राजनैतिक फ़ायदा उठाया जिसके कारण राकांपा को लेकर पूरे महाराष्ट्र में यह चर्चा होने लगी कि अजित पवार भाजपा की सरकार में शामिल हो रहे हैं और शरद पवार भी भाजपा के समर्थन में है।

राजनीति में समय का अपना अलग महत्व होता है और यह चर्चा ऐसे समय में शुरू हुई जब कर्नाटक में विधानसभा चुनावों में भाजपा के बड़े नेता



पार्टी से बग़ावत कर रहे थे। महा विकास अघाड़ी पूरे महाराष्ट्र में रैली कर रही थी। इन रैलियों में बहुत बड़ी संख्या में जनता हिस्सेदारी कर रही थी और महाराष्ट्र की एकनाथ शिन्दे सरकार पर कुछ नहीं करने का आरोप लग रहा था।

विपक्षी दलों की छोटी से छोटी गलती को बड़ा करके उन पर प्रहार करने में माहिर भाजपा ने इस मौक़े का भरपूर फ़ायदा उठाया और बिना सामने आये ऐसा माहौल पैदा कर दिया जिसमें लगने लगा कि महा विकास अघाड़ी टूट के कगार पर है। एमवीए के नेताओं के नासमझी भरे बयान ही उन पर भारी पड़ने लगे। इसी बीच गौतम अडाणी की शरद पवार के मुम्बई स्थित निवास पर 2 घंटे से ज़्यादा चली बैठक भी टूट की अफ़वाहों को आगे बढ़ाने में मददगार बनी।

इस पूरे घटनाक्रम में सबसे ज़्यादा राजनैतिक समझदारी का परिचय कांग्रेस की ओर से दिया गया। उनके नेताओं ने स्थिति पर निगाह रखते हुये खुद को इससे दूर रखा फलस्वरूप सफ़ाई देने का सारा दारोमदार राकांपा पर आ गया और संजय राउत के अजित पवार पर प्रहार होते रहे। सब जानते हैं कि सरकार संख्या बल पर बनती है सिर्फ़ बयानों से नहीं क्योंकि किसी ने भी विधानसभा में विधायकों की संख्या और उनकी विभिन्न सम्भावनाओं पर विचार ही नहीं किया। कहा जाने लगा कि सुप्रीम कोर्ट 16 विधायकों को अयोग्य घोषित कर सकता है कुछ का कहना था शिन्दे की शिवसेना के सभी 40 विधायक ही अयोग्य हो सकते है। इन चर्चाओं के बीच राष्टवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता बृजमोहन श्रीवास्तव ने दावा ठोक दिया कि शिन्दे- फडनवीस को 16 विधायकों के अयोग्य होने पर भी किसी और दल से विधायक तोड़ने की ज़रूरत नहीं है।

उनके इन दावों की पड़ताल की गई तब सामने आया कि वाक़ई शिन्दे सरकार को बाहर से किसी मदद की ज़रूरत ही नहीं है। यहां विधानसभा में कुल 288 विधायक हैं और सरकार बनाने के लिये 145 विधायक चाहिए जबकि शिन्दे सरकार को शिवसेना के 40 भाजपा के 105 व 17 अन्य विधायकों का समर्थन प्राप्त है जो कुल 162 होते है ।ऐसे में यदि यह मान भी लिया जाये कि शिन्दे सहित 16 विधायक अयोग्य घोषित हो जाते हैं तो सदन 272 का हो जायेगा तब सरकार के लिये 137 विधायक चाहिए होगें। ऐसी स्थिति मे शिन्दे तो सरकार से बाहर हो जायेगें मगर शिवसेना के 24 विधायक, भाजपा व अन्य की संख्या कुल 136 होती है ऐसे में सिर्फ़ एक विधायक की कमी को निर्दलीयों से समर्थन लेकर पूरा कर सरकार चलती रहेगी।

**एकनाथ शिन्दे के स्थान पर देवेंद्र फडनवीस को मुख्यमंत्री**

ऐसी स्थिति में एकनाथ शिन्दे के स्थान पर देवेंद्र फडनवीस को मुख्यमंत्री बनने का मौक़ा मिल सकता है। वहीं अगर शिन्दे की शिवसेना के 40 विधायक ही अयोग्य घोषित हो जाते हैं तो सदन 248 का रह जायेगा ऐसे में सरकार बनाने के लिये 125 विधायकों की ज़रूरत है जो महाविकास अघाड़ी के पास हैं। यदि ऐसी परिस्थिति निर्मित होती है तो फिर ऐसे में अजित पवार को मुख्यमंत्री बनने के लिये पार्टी छोड़ने की ज़रूरत ही नहीं रहेगी, क्योंकि जिसके विधायक ज़्यादा उसका मुख्यमंत्री के फ़ार्मूले पर राकांपा के विधायक सबसे अधिक होने के कारण अजित पवार को



मुख्यमंत्री बनाना ही पड़ेगा। इन दोनों सम्भावनाओं की कसौटी पर सरकार बनाने के लिये अजित पवार को लाभ पार्टी नहीं छोड़ने पर ही मिल सकता है।

अगर यह मान भी लिया जाये कि अजित पवार भविष्य की किसी सम्भावना के कारण भाजपा के साथ जा सकते हैं तो उन्हें अपनी पार्टी के 38 विधायक तोड़ने होगें जो शरद पवार के रहते सम्भव नहीं है क्योंकि शरद पवार सिर्फ़ 15 विधायकों के नेता नहीं है। ऐसे में अजित पवार व उनके साथ जाने वाले विधायकों की सदस्यता ही ख़तरे में पड़ जायेगी और भविष्य में उन्हें पार्टी तोड़ने के लिये ऐसे ही आरोपों का सामना करना पड़ेगा जो आज एकनाथ शिन्दे पर लग रहे हैं। ऐसे में राष्ट्रीय प्रवक्ता बृजमोहन श्रीवास्तव की यह टिप्पणी ज्यादा सटीक प्रतीत होती है कि अजित दादा ने अपने राजनैतिक जीवन में सिर्फ़ एक बार 3 दिन के लिये ही पार्टी छोड़ी थी जो एक राजनैतिक रणनीति का हिस्सा थी इसके अलावा उनकी निष्ठा हमेशा पार्टी नेतृत्व व पार्टी के साथ ही रही है। ऐसे में उन पर पार्टी तोड़ने या छोड़ने की बात में सच्चाई कम ही नजर आती है क्योंकि वह राकांपा के प्रमुख स्तंभ हैं और महा विकास अघाड़ी को मज़बूत करने के लिये लगातार काम कर रहे हैं।------

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह प्रारंभ, पुलिस अधीक्षक ने वाहन रैली को हरी झंडी दिखाई



दमोह सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह 24 अप्रैल से 30 अप्रैल 2023 तक का आज शुभारंभ दमोह पुलिस अधीक्षक ( एसएसपी ) राकेश कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों की वाहन रैली यातायात थाने से रवाना की. बिना बीमा के वाहन ना चलाएं, तेज गति से वाहन ना चलाएं, दमोह पुलिस का आह्वान यातायात नियमों का पालन करें, शराब पीकर गाड़ी चलाना खतरनाक है, यातायात संकेतको एवं नियमों का पालन करे. इस अवसर पर सीएसपी भावना दांगी,कोतवाली टीआई विजय राजपूत, यातायात थाना प्रभारी दीपक खत्री सहित पुलिस अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## अवैध रुप से रेत से भरा ट्रेक्टर मय ट्राली पकड़ा

शिवपुरी- पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह की जिले में रेत माफिया सट्टा, शराब माफिया, अवैध मादक पदार्थ माफियाओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस अपनाने की नीति के पालन में पुलिस द्वारा जिले भर में लगातार कार्यवाही नज़र आ रही हैं। इसी क्रम में बदरवास पुलिस ने रेत के अवैध ट्रक को पकड़ा है। मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सालोन का लाखनसिंह गुर्जर अपने ट्रेक्टर फार्मट्रेक एमपी 33 एसी 4135 का अवैध रुप से रेत भरकर ले जा रहा है।उक्त सूचना पर से पुलिस द्वारा ग्राम सालोन छोटा भारका मंदिर के पास दविस दी गई तो एक ट्रेक्टर ट्राली में रेत भरी पायी गयी। पुलिस को देखकर आरोपी ट्रेक्टर चालक भाग गया पुलिस द्वारा आसपास तलाश किया तो कोई व्यक्ति नहीं मिला। आरोपी चालक द्वारा रेत अवैध रुप से चोरी से भरकर सिंध नदी से लाना पाया, पुलिस द्वारा ट्रेक्टर ट्राली को जप्त कर आरोपी चालक के विरूद्ध धारा 379 ताहि 4(ए) 21(1) खनिज अधिनियम 1957 के तहत अपराध क्रंमाक 130/23 धारा 379 ताहि 4(ए)21(1)खनिज अधिनियम 1957 पंजीबद्ध किया गया है।

## हार्ट अटैक से हुई कूनो में उदय की मौत

शिवपुरी - शिवपुरी श्योपुर की सीमा स्थित कूनो नेशनल पार्क में बीते रोज रविवार को अफ्रिका से आए नर चीता उदय की मौत हो गई थी। उसका सोमवार को भोपाल वन विहार की टीम ने कूनो पहुंचकर पोस्टमार्टम किया। इसके बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया। पीएम रिपोर्ट में चीते की मौत की वजह कार्डियक अरेस्ट बताई गई है।नर चीते उदय को 18 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका से कूनो नेशनल पार्क लाया गया था। वन विभाग के अधिकारियों ने चीते के अचानक बीमार होने और उपचार के दौरान कुछ ही देर में मौत होने की बात कही है। अब पीएम रिपोर्ट में भी बताया गया है, चीते की मौत कार्डियक अरेस्ट से हुई है। हालांकि अभी उसकी ब्लड सहित अन्य रिपोर्ट नहीं आई हैं। उदय को दक्षिण अफ्रीका के वाटरबर्ग बायोस्फीयर से भारत लाया गया था। खुले बाड़े में छोड़ने से पहले उसकी रिपोर्ट में भी उदय को पूरी तरह स्वस्थ पाया गया था। सुबह-शाम की निगरानी में वो स्वस्थ था, लेकिन रविवार सुबह रुटीन निगरानी में उदय सिर झुकाए सुस्त बैठा मिला। निरीक्षण दल के पास जाने पर चीता उठा तो लड़खड़ाकर गर्दन झुकाकर चल रहा था। सुबह 11 बजे उदय को ट्रैंकुलाइज कर बेहोश किया और आइसोलेशन वार्ड में इलाज शुरू किया गया। शाम 4 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## सड़क हादसे में एक की मौत , दूसरा घायल

ओबैदुल्लागंज। ओबैदुल्लागंज अस्पताल में घायल युवक के परिचितो ने बताया कि मई में राकेश आदिवासी के भाई की शादी होनी है। उसी के बाबत मामा भगवान दास आदिवासी और भांजा राकेश बाइक से शादी का कार्ड देने ओबैदुल्लागंज की और आ रहे थे। जब दोनों गौतम पुर कॉलोनी के पास पहुंचे तो उसकी बाइक में ओबैदुल्लागंज की ओर से सलकनपुर जा रहे एक कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि इस हादसे में मामा भगवानदास निवासी पलासी थाना नसरुल्लागंज जिला सीहोर की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं, राकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए ओबैदुल्लागंज अस्पताल लाया गया। ओबैदुल्लागंज अस्पताल में डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर कर दिया। घटनास्थल से , स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना थाना नूरगंज को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली। उसके बाद अस्पताल पहुंच कर घायल का हाल जाना। फिर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई। वही आम आदमी पार्टी के सुबेग सिंह शीतल ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को एंबुलेंस से हॉस्पिटल पहुंचाने में मदद की जिसकी नगर के लोगों ने प्रशंसा की है

## जनपद पंचायत नैनपुर के अंतर्गत सरई पंचायत में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत 325 जोड़ों का विवाह

नैनपुर मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना में 325 जोड़ों जुड़े शादी के बंधन में विवाह कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते विधायक देव सिंह सैयाम पूर्व राज्यसभा सांसद संपतिया उइके उपस्थित रहे इस अवसर पर जनपद पंचायत के अध्यक्ष उपाध्यक्ष जनपद सदस्य सरपंच गण उपस्थित रहे वैवाहिक आयोजन में मुस्लिम समाज के एक जोड़े का भी निकाह कराया गया कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते मंडला विधायक देव सिंह सैयाम पूर्व राज्यसभा सांसद संपत्तिया उईके भी रही उपस्थित प्रत्येक जोड़े को 55000 रु राशि के चेक वितरित किए गए बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि गण अधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहे।

## बिना ओ फॉर्म इंद्राज के किया उर्वरक का भंडारण

खरगोन । कलेक्टर श्री शिवराज सिंह वर्मा ने सूचना के आधार पर देवलगांव (घुघरियाखेड़ी) में वैष्णवी फर्टिलाइजर की गत बुधवार को जांच कराने के आदेश पर बिना उर्वरक लायसेंस के भंडारण करने के मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई है। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी गिरधारी भाबर द्वारा गोगांवा थाने में भूपेंद्र पिता ओमप्रकाश गुप्ता के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 में 3/7 एवं उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 7/8 पाये जाने पर आवेदन प्रस्तुत किया। ज्ञात हो कि 19 अप्रैल को कलेक्टर श्री वर्मा के निर्देशों पर एसडीएम श्री ओएन सिंह ने 6 अन्य विभागों के साथ देवलगांव स्थित वैष्णवी फर्टिलाइजर एवं केमिकल्स पर छापेमारी की कार्यवाही की गई थी। इस कार्यवाही में बिना ओ फार्म इंद्राज के अवैध रूप से उर्वरक का भंडारण पाया गया था। एसएडीओ श्री भाबर ने बताया कि इस दौरान विभिन्न उर्वरक कंपनियों के 306 बैग जिनकी कीमत 5 लाख 99 हजार 714 रुपये का उर्वरक पाया गया

# डेड बॉडी को नहीं मिला फ्रीजर, मृतक के परिजन बदबू मारती बर्फ पर रखने मजबूर

दमोह जिला अस्पताल से आय दिन लापरवाही के मामले सामने आते रहते है। इस क्रम मे सोमवार को देर रात जब एक शव को फ्रिजर न मिलने का मामला सामने आया जिसके कारण उसके परिजन बाजार से बर्फ खरीद कर लाए और शव को बर्फ पर रखा गया। जिले के थाना बटियागढ़ क्षेत्र के ग्राम अगारा टपरिया के समीप गाड़ा घटिया,बड़ी चराई के जंगल से सोमवार को एक लाश मिली,जिसकी पहचान सुरेंद्र सिंह के रूप में हुई जो शनिवार से लापता था और उसके परिजन उसे ढूंढ रहे थे,परिजनों ने बताया कि वे ग्राम अगारा टपरिया से है,और शनिवार से सुरेंद्र को ढूंढ रहे थे, जो सोमवार को मृत अवस्था में मिला। मौके पर पुलिस, एफएसएल पहुंची पंचनामा और कार्यवाही उपरांत शव को जिला चिकित्सालय के शवगृह में रखवाया गया, परंतु यहां फ्रिजर उपलब्ध नहीं हुआ और परिजन बाजार से



करीब 800 रुपए में बर्फ खरीदकर लाए जिस पर शव को रखा गया। जानकारी मिली की यहां तीन फ्रिजर है, जिसमें से दो खराब है। परिजनों का कहना था कि वे करीब 7 से 7~30 रात्रि में यहां पहुंचे, अस्पताल में कोई व्यवस्था नहीं मिली,शव को बर्फ पर रखा,फिर लखन पटेल ने रात करीब 10 बजे फ्रिजर उपलब्ध करवाया।

### इनका कहना है

बिगड़े पडे फ्रीजर को लोकल स्तर पर सुधारने की कोशिश की गई थी नहीं सुधरने पर नये की डिमांड गई है।

**डॉ राजेश नामदेव सिविल सर्जन जिला अस्पताल दमोह**

# युवा कांग्रेस एवम पूर्व प्रदेश सचिव के नेतृत्व में फोर लेन रोड की अर्थी निकाली

आज युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष विकास शर्मा एवम पूर्व प्रदेश सचिव रूपेश तंतवार के नेतृत्व में रायसेन फोर लेन रोड की अर्थी सजाकर अंतिम यात्रा निकाली गई जिसमे आगे आगे ढपली बजती रही ये यात्रा सागर तिराहे से प्रारंभ होकर इंडियन चोराहे होते हुए महामाया चौक अर्थी को आग लगाकर रोड़ निर्माण में हुई धांधली का विरोध किया।।



**इस विरोध प्रदर्शन में:** विकास शर्मा, पूर्व प्रदेश सचिव रूपेश तंतवार, ब्लॉक अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, मज़हर कबीर रेहान खान, राजकिशोर सोनी,दादा भाई लोहट,राजू महेष्वरी,प्रभात चावला,असलम खान,डॉ शेलेन्द्र झरिया,हसीन खान,विक्की भदौरिया, जुलु भाई, इकबाल खान,रवि यादव, दीपक थोरट, डग्गा पहलवान, जुबी खान, रमाकांत मीणा,शशांक धाकड़,उजेफा उल उज़्मा,रमन मेहरा,अभिषेक सेन,अंकित समाधिया,छोटू राय,मयंक श्रीवास्तव,राहुल समाधिया,सुमित मलवीय, टाइगर कुरेशी, संजय विश्वकर्मा,अमन सक्सेना,गुड्डू भाई उपस्तिथ थे।।

## भव्य समारोह में नैनपुर छिंदवाड़ा ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर विदाई दी

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक आलोक कुमार विधायक देव सिंह सैयाम नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णा पंजवानी ने नैनपुर में नैनपुर छिंदवाड़ा ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर नैनपुर से रवाना किया महाप्रबंधक आलोक कुमार ने अपने संवाद में कहा कि भविष्य में और भी सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी अमृत महोत्सव के अंतर्गत नैनपुर रेलवे स्टेशन एवं रेलवे कॉलोनी की सड़कों का विकास किया जाएगा विधायक देव सिंह सैयाम ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को साधुवाद देते हुए कहा कि आदिवासी अंचल एवं महाकौशल के क्षेत्र को ब्रॉड गेज की नई ट्रेनों से लाभ मिलेगा ट्रेनों के चलाए जाने से व्यापार और रोजगार में भी वृद्धि होगी समारोह में जनप्रतिनिधि एवं आमजन पत्रकार उपस्थित रहे

पूर्व राज्यसभा सदस्य संपतिया उइके दुखी हुई नैनपुर रेलवे स्टेशन पर आयोजित छिंदवाड़ा ट्रेन के शुभारंभ पर राज्यसभा सदस्य संपतिया उइके को मंचासीन नहीं किए जाने से कार्यक्रम के दौरान दुखी देखी गई

खेत में लाश मिलने से सनसनी नैनपुर सिविल अस्पताल के पास के खेत में युवक की लाश मिलने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा मौत संदिग्ध बताई जा रही है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नैनपुर का स्मरण किया मध्य प्रदेश को दी जाने वाली सौगात एवं रीवा इतवारी ट्रेन को हरी झंडी दिखाते हुए अपने उद्ब वो धन में नैनपुर का स्मरण किया उपस्थित जनसमूह ने ताली बजाकर स्वागत किया

# कांग्रेस ने बनाया तैलिक साहू राठौर समन्वय प्रकोष्ठ

### हितेश साहू उदयपुरा होंगे प्रथम प्रदेश समन्वयक



ओबेदुल्लागंज। सभी सामाजिक संगठनों ने मिलकर जनजागरण यात्रा के विराम के अवसर पर भोपाल के जंबूरी मैदान में आयोजित किए गए सामाजिक महाकुंभ में पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने समाज की 13 जायज मांगों पर अपनी सहमति जताई थी । प्रथम चरण में महासंगठन की सातवीं मांग की पूर्ति के लिए प्रदेश कांग्रेस के इतिहास में पहली बार कमलनाथ जी ने तैलिक साहू राठौर समन्वय प्रकोष्ठ का गठन किया गया है , और प्रथम प्रदेश समन्वयक के रूप में उदयपुरा के हितेश साहू अतिरिक्त महासचिव मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा को प्रभार सौंपा है।

जिसका नियुक्ति पत्र कमलनाथ ने उनके निवास पर प्रकोष्ठ के प्रभारी श्री जेपी धनोपिया की उपस्थिति में सौंपा । उक्त अवसर पर विशेष रूप से मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा के अध्यक्ष ताराचंद साहू , महासंगठन के सभापति एवं तैलिक सभा के मुख्य सलाहकार रमेश के साहू एडवोकेट इटारसी , प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू भोपाल , संरक्षक डॉ हेमराज साहू ,उपाध्यक्ष महेश साहू सुल्तानपुर ,कोषाध्यक्ष विनोद साहू ,कार्यालय सचिव शिव प्रसाद साहू ,संभागीय अध्यक्ष हरप्रसाद साहू , हीरा साहू किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष ,प्रदेश युवा उपाध्यक्ष लोकेश साहू , गिरीश बंटी साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे । हितेश साहू की नियुक्ति पर रायसेन जिला अध्यक्ष बसंत साहू , प्रदेश उपाध्यक्ष शिवदयाल साहू , महेश साहू , केसराम साहू , ओम प्रकाश साहू , संजय साहू , प्रेम नारायण साहू , चंद्रमोहन साहू , लालजी साहू , जगदीश साहू , अमृतलाल साहू , राम गोपाल साहू , रवि साहू , लखन साहू , पूरन साहू , शरद साहू , रेवाराम राम साहू , सोनू साहू , शिवकुमार साहू , रामकृष्ण साहू , धर्मेंद्र साहू , एलन साहू , पप्पू सेठ , हीरा साहू , पन्नालाल साहू , प्रेम नारायण साहू आदि ने बधाई दी है।

# प्रधानमंत्री मोदी का खजुराहो विमानतल पहुंचने पर हुआ आत्मीय स्वागत

### प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा ने की अगवानी

**छतरपुर।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सोमवार की सुबह 10.15 बजे खजुराहो विमानतल पहुंचने पर आत्मीय स्वागत किया गया। छतरपुर जिले के प्रभारी एवं सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री तथा मिनिस्टर इन वेटिंग ओमप्रकाश सखलेचा ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का स्वागत कर अगवानी की। खनिज साधन एवं श्रम मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती विद्या अग्निहोत्री, विधायक प्रद्युम्न सिंह लोधी, राजेश शुक्ला, राजेश प्रजापति, पूर्व राज्य मंत्री श्रीमती ललिता यादव, पूर्व विधायक उमेश शुक्ला, पुष्पेंद्रनाथ पाठक, श्रीमती रेखा यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष मलखान सिंह, पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, अरविंद पटैरिया ने श्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। प्रशासन की ओर से मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत, आईजी सागर जोन प्रमोद वर्मा, डीआईजी छतरपुर रेंज ललित शाक्यवार, कलेक्टर संदीप जी.आर., पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने भी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी विशेष विमान से खजुराहो विमानतल पहुंचे थे। इसके उपरांत भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर से रीवा में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस एवं अन्य कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए रवाना हुए।

# शांति और सद्भावना हमारा धर्म होना चाहिए: भट्ट

### भगवान परशुराम जयंती पर निकली शोभायात्रा



शाजापुर। परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा शहर में दो दिवसीय आयोजन किए गए जिसमें एक दिन पहले वाहन रैली निकाली गई जिसमें नवयुवक व युवा महिला शक्ति शामिल रही शहर में जगह-जगह विशाल परशुराम रैली का स्वागत किया गया इसी क्रम में समाज के लोगों ने दूसरे दिन अपने आराध्य भगवान परशुराम की शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली। रविवार शाम करीब 5 बजे वजीरपुरा स्थित बालवीर हनुमान मंदिर से शोभायात्रा शुरू हुई जो शहर के वजीरपुरा, किला रोड, आजाद चौक, नई सडक़, बस स्टैंड होते हुए प्रहलाद जिनिंग फेक्ट्री पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में बग्घी में भगवान परशुराम का चित्र सवार था। वहीं महिलाएं और युवतियां केसरिया वस्त्र तथा पगड़ी पहनकर शामिल हुईं जो शोभायात्रा में प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा का शहर के चौक-चौराहों पर सामाजिक, धार्मिक और राजनैतिक संगठनों के द्वारा स्वागत किया गया भोजन प्रसादी का कार्यक्रम भाजपा के प्रदेश मंत्री पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि क्षितिज भट्ट के नेतृत्व में किया गया इस अवसर पर श्री भट्ट ने कहा समाज को गौरवान्वित करना है तो पुरे समाज में शांति व सद्भावना का भाव लाना होगा गौरतलब हो कि जब श्रीमती शीतल भट्ट नगर पालिका अध्यक्ष रही उन्होंने दुपाड़ा मार्ग चौराहे का सौंदर्यीकरण कर भगवान परशुराम के एकता के प्रतीक फरसे को स्थापित कर दुपाड़ा मार्ग चौराहे को भगवान परशुराम चौराहे का नाम दिया कार्यक्रम के इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष विनीत वाजपेई युवा शक्ति के अध्यक्ष ललित तिवारी महिला शक्ति अध्यक्ष सीमा शर्मा समाज में युवा शक्ति के प्रतीक उमाशंकर व्यास डॉ ललित शर्मा राजकुमार शर्मा दिलीप त्रिवेदी महेंद्र आचार्य संजय शर्मा महेंद्र शर्मा सहित ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ गणमान्य नागरिक व युवाओं व महिला शक्ति की टीम मौजूद रही जय परशुराम जय परशुराम के नारों के उद्घोष से राम मय हो गया इस विशाल परशुराम रैली का सभी समाजों ने स्वागत किया जिसमें विशेष रूप से हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई एकता का अविस्मरणीय पल भी दिखाई दिया,,,,

### नगर पालिका ने किया स्वागत,,

शहर में निकाली गई भगवान परशुराम जयंती पर शोभायात्रा का नगर पालिका के लोकप्रिय अध्यक्ष प्रेम जैन व नगर पालिका के पार्षदों व कर्मचारी अधिकारियों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया इस अवसर पर नगर पालिका द्वारा पूरे शहर में साफ सफाई के पेयजल की भी व्यवस्था की गई थी,,,

## 6 अधिकारी कर्मचारी कोरोना पॉजिटिव पाए गए

छतरपुर। ,प्रधानमंत्री की सुरक्षा में लगे सभी पुलिसकर्मियों और अधिकारियो का हुआ कोरोना टेस्ट,6 अधिकारी कोरोना पॉजिटिव पाए गए,जिन्हे कल ग्वालियर भेजा गया था सभी का सैंपल,पॉजिटिव आए अधिकारियों में विद्युत विभाग के स्थ,छतरपुर नगर पालिका सीएमओ,खाद्य एवं औषधि अधिकारी,सीआईएसफ खजुराहो के जवान,स्वास्थ्यकर्मी सहित 6 लोग कोरोना से सन्क्रमित पाये गये

### आईटीआई छतरपुर में कैंपस ड्राइव का आयोजन

छतरपुर। कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में आई.टी.आई. छतरपुर में कैंपस ड्राइव शिविर का आयोजन 25 अप्रैल को सुबह 10 बजे से किया गया है। मेले में गोदरेज प्रा.लि. ग्वालियर प्लेसमेंट के जरिये बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराएगी। इच्छुक आवेदक को शैक्षणिक संबंधी मूल दस्तावेज एवं पासपोर्ट साइज की फोटो लाना होगा। उन्हें कैंपस ड्राइव हेतु आईटीआई के डिप्लोमा आईटीआई के इलेक्ट्रीशियन, फिटर, टर्नर, मोटर मैकेनिक, डीजल इंजन, वेल्डर, मेशन ट्रेड उत्तीर्ण होना जरूरी है।

### प्रधानमंत्री को खजुराहो विमानतल पर दी गई आत्मीय विदाई

छतरपुर,। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को रीवा में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कार्यक्रम में शामिल होने के बाद खजुराहो एयरपोर्ट से सोमवार दोपहर 2:40 बजे केरल के कोच्चि रवाना होंने पर आत्मीय विदाई दी गई। छतरपुर जिले के प्रभारी एवं सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा, खनिज साधन एवं श्रम मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। जिला पंचायत पन्ना की अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे सिंह, सतानंद गौतम, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जी. जनार्दन, सागर संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत, आईजी सागर रेंज प्रमोद वर्मा, डीआईजी ललित शाक्यवार, कलेक्टर संदीप जी.आर., पुलिस अधीक्षक अमित सांघी भी विदाई के दौरान उपस्थित रहे।

# गौमाता एवं अन्य पशु-पक्षियों को इस गर्मी में पीने के पानी की व्यवस्था करना समाज का दायित्व है:पंचतत्व

गंज बासौदा । पंचतत्व संरक्षण समिति हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बेजुबान पक्षियों को दाना पानी के लिए सकोरे और रोड पर विचरते प्यासे पशुओं को इस भीषण गर्मी में पानी पीने के लिए जगह-जगह टंकी रखने का कार्य करती है इस वर्ष पंचतत्व समिति ने तय किया है की बिना मंचीय कार्यक्रम किए 24 वार्ड में पार्षदों के उपस्थिति में 24 टंकी रखी जाएंगी तब रविवार से समिति वार्ड न. एक में बहलोट बायपास स्टेशन रोड पर पार्षद मंजू कुशवाह के माध्यम से प्रमोद चौरसिया की देखरेख में वार्ड 2 में पार्षद जगदीश व्यास के माध्यम से फ्री स्कूल के पास वार्ड 3 पार्षद सौदान सिंह यादव मूलचंद कुशवाह जी की देखरेख में वार्ड 4 में पार्षद नीलू मणि अहिरवार वार्ड 5 पार्षद राहुल ठाकुर के माध्यम से रामबाबू श्रीवास्तव की देखरेख में वार्ड 6 में पार्षद मनीष विश्वकर्मा के माध्यम से रणजीत राजपूत की देखरेख में वार्ड 7 में पार्षद सुनील साहू के।माध्यम से हरिहर रघुवंशी की देखरेख में कुल सात वार्ड में सात टंकी रखी गईं अगली बार में अन्य वार्डो में टंकी रखी जाएंगी. इस बार समिति ने 50 टंकी रखने का तथा 4000 हजार सकोरे



बांटने का संकल्प लिया है । इस अवसर पर कथावाचक अभिषेक कृष्ण शास्त्री जी ने कहा कि हमारी संस्कृति में वैशाख माह में जलदान करने की अत्यंत महत्व है और पंचतत्व तो पांचों तत्वों के समन्वय के लिए ही शहर में अच्छा कार्य कर रही हैपंचतत्व के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी ने कहा कि बेजुबान गौमाता किसी से पानी नहीं मांग सकते .उनकी पानी की व्यवस्था करना हमारा दायित्व है और पंचतत्व यह कार्य करती आ रही है नगर पालिका सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव जी ने पंचतत्व को साधुवाद देते हुए कहा कि पंचतत्व ने शहर के पर्यावरण के विकास में हरियाली का बहुत बड़ा योगदान दिया साथ ही पशुओं के पानी के लिए नगर में पानी की टंकी घरों के सामने रख रही है यादव जी ने नगर के लोगों से इस कार्य सहयोग करने की मांग की है इस पुनीत कार्य में पंचतत्व के सदस्य प्रमोद सिंह राजपूत, संजय भंडारी,जगदीश गुप्ता, संदेश जैन, राकेश खंडेलवाल, विमल जैन , विजय अग्रवाल, राजेंद्र व्यास, रामकुमार शर्मा, आनंद जैन, धीरेंद्र सिकरवार ,सूर्यभान थानेश्वर ,कपूर राजपूत उपस्थित थे

# पिज़्ज़ा हट ने पेश किए 10 नए पिज़्ज़ा - सैफ़ अली ख़ान और शहनाज गिल के साथ

मुंबई, एजेंसी। भारत में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले भरोसेमंद पिज़्ज़ा ब्रांड पिज़्ज़ा हट अब 10 नए पिज़्ज़ा लेकर आया है जो आपके हर बदलते मूड के साथ मेल खाएंगे। चाहे आपको जोशीले मसालेदार ज़ायके की तलब लगे या फिर चीजी चौन-ओ-सुकून की तमन्ना जागे, पिज़्ज़ा हट आपके लिए पिज़्ज़ास का ऐसा कमाल सिलेक्शन पेश करने को प्रतिबद्ध रहता है जो न केवल आपकी स्वाद ग्रंथियों को संतुष्ट करे बल्कि मूड को भी खुशनुमा कर दे। अपनी इस नई पेशकश से आपको परिचित कराने के लिए पिज़्ज़ा हट ने हर दिल अज़ीज़ बॉलीवुड के चमचमाते सितारों सैफ़ अली ख़ान और शहनाज़ गिल को अपने साथ जोड़ा है। पिज़्ज़ा हट की कै पेन है 'मूड बदले, पिज़्ज़ा बदले' यह कै पेन इस बात पर फोकस करती है कि किस प्रकार हमारा मूड बदलता रहता हैऔर उसके साथ ही हमें जिस तरह की चीजें खाने की तलब लगती है वह भी बदलती रहती है। ब्रांड की यह नई रेंज पूरे भारत में 800 पिज़्ज़ा हट स्टोर्स पर उपलब्ध रहेगी जिनमें डाइन-इन, डिलिवरी और टेकअवे सभी शामिल रहेंगे। रु. 299 में दो पर्सनल पिज़्ज़ा से इस रेंज को लांच किया गया है।

# एसरी इंडिया ने आर्कजीआईएस बिजनेस एनालिस्ट लांच किया

नयी दिल्ली, एजेंसी। भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) सॉफ्टवेयर एवं सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली अग्रणी कंपनी एसरी इंडिया ने संगठनों को डेटा संचालित त्वरित निर्णय में सहायक एक लोकेशन इंटेलिजेंस सॉल्यूशन सुइट आर्कजीआईएस बिजनेस एनालिस्ट लांच करने की आज घोषणा की। इस सॉल्यूशन के लिए लक्षित बाजारों में बैंकिंग और वित्तीय सेवा प्रदाता कंपनियां, विनिर्माण संगठन, रिटेल श्रृंखला, रीयल एस्टेट कंपनियां, बीमा, परिवहन और लॉजिस्टिक्स, हेल्थकेयर, हॉस्पिटैलिटी आदि शामिल हैं। ऐसे सभी संगठनों के पास बिजनेस डेटा होते हैं जिसमें एक लोकेशन कंपोनेंट जुड़ा होता है और आर्कजीआईएस बिजनेस एनालिस्ट का उपयोग कर वे निर्णय करने में अपने डेटा के पूरे मूल्य का दोहन कर सकते हैं और प्रतिस्पर्धी लाभ हासिल कर सकते हैं।

# कोटक पुलेला गोपीचंद बैडमिंटन एकेडमी लॉन्च किया

हैदराबाद, एजेंसी। कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड (केएमबीएल / बैंक) और इसके सीएसआर सहयोगी पुलेला गोपीचंद बैडमिंटन फाउंडेशन ने आज तेलंगाना के गाचीबावली में विश्व स्तरीय बैडमिंटन ट्रेनिंग सेंटर कोटक पुलेला गोपीचंद बैडमिंटन एकेडमी की शुरुआत की है। इस अवसर पर पुलेला गोपीचंद बैडमिंटन फाउंडेशन के संस्थापक ट्रस्टी और राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद, ट्रस्टी एल.वी. सुब्रह्मण्यम, और कोटक महिंद्रा बैंक के पूर्णकालिक निदेशक शांति एकाम्बारम और ग्रुप प्रेसिडेंट व ग्रुप चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर जैमिन भट मौजूद रहे। नया लॉन्च किया गया अत्याधुनिक बैडमिंटन सेंटर खेल पर केएमबीएल के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) प्रोजेक्ट का हिस्सा है और इसे बैंक और भारतीय बैडमिंटन के दिग्गज, पुलेला गोपीचंद के संस्थापक ट्रस्टी पुलेला गोपीचंद के साझा दृष्टिकोण के साथ विकसित किया गया है। बैडमिंटन फाउंडेशन बैडमिंटन के क्षेत्र में भारत को और अधिक सम्मान दिला रहा है।

# एसबीआई इंश्योरेंस ने 184 करोड़ रुपये का लाभ और 10,888 करोड़ रुपये का जीडब्लूपी हासिल किया

मुंबई, एजेंसी। भारत की प्रमुख जनरल इंश्योरेंस कंपनियों में से एक, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 22-23 के लिए अपने वित्तीय नतीजों की घोषणा कर दी है। विकास की मजबूत गति को जारी रखते हुए, कंपनी ने वित्त वर्ष 23 में 184 करोड़ रुपये का लाभ कमाया है, जो वित्त वर्ष 22 के मुकाबले 40 प्रतिशत अधिक है। पिछले साल के मुकाबले 17.6 प्रतिशत फीसदी की वृद्धि के साथ 10,888 करोड़ रुपये के सकल लिखित प्रीमियम (जीडब्लूपी) के साथ कंपनी ने समग्र कारोबार में मजबूत वृद्धि दर्ज की है। अपनी पहुंच और डिजिटलीकरण पर जोर के साथ कंपनी के विविध उत्पाद पोर्टफोलियो ने एसबीआई जनरल को वित्त वर्ष 23 में 22 करोड़ से अधिक ग्राहकों के साथ 4.21 फीसदी तक बाजार हिस्सेदारी को सुधारने में मदद की है। कंपनी ने घर, स्वास्थ्य, व्यक्तिगत दुर्घटना, वाणिज्यिक क्षेत्र और फसल सहित व्यवसाय के विभिन्न क्षेत्रों में भी मजबूत वृद्धि प्रदर्शित की है।

# सडीई और एमओई जी20 एडडब्ल्यूजी -फ्यूचर ऑफ वर्क के तहत प्रदर्शनी का आयोजन

भुवनेश्वर, एजेंसी। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) और शिक्षा मंत्रालय (एमओई) जी20 की अध्यक्षता में 23 से 28 अप्रैल तक सीएसआईआर-इन्स्टीट्यूट ऑफ़ मिनरल्स एंड मैटीरियल्स टेक्नोलॉजी (आईएमएमटी), भुवनेश्वर, ओडिशा के तीसरे एजुकेशन वर्किंग ग्रुप (एडडब्ल्यूजी) की मीटिंग के दौरान भविष्य की कार्य प्रदर्शनी का आयोजन कर रहे हैं। माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत ने हर स्तर पर टेक इनेबल्ड लर्निंग को अधिक गुणात्मक बनाने और भविष्य के कार्य के संदर्भ में क्षमता निर्माण करने की यात्रा शुरू करने के लिए जी20 अध्यक्षता ग्रहण की है। प्रदर्शनी का उद्घाटन श्री धर्मेंद्र प्रधान, माननीय शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री द्वारा किया जाएगा और यह टेक्नोलॉजी के लीडरों, इन्फ्लूएन्सर और शिक्षाविदों के लिए अपने दृष्टिकोण और काम के भविष्य के बारे में विज़न दिखाने के लिए एक अद्वितीय प्लेटफार्म होगा।

# होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर ने आयोजित किया सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान

भोपाल। भारत में सुरक्षित राइडिंग की आदतों के निर्माण की आवश्यकता पर ज़ोर देते हुए होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने मध्य प्रदेश के भोपाल में अपने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान को आगे बढ़ाया। सड़क सुरक्षा होण्डा के लिए विश्वस्तरीय प्राथमिकता है। कोपल पब्लिक स्कूल और डीएवी स्कूल, भोपाल में आयोजित इस चार दिवसीय कैम्प में 4100 से अधिक स्कूली छात्रों एवं स्टाफ के सदस्यों ने हिस्सा लिया और सुरक्षित राइडिंग के गुर सीखे। एचएमएसआई के रोड सेफ्टी इंस्ट्रक्टर्स ने प्रतिभागियों की उम्र को ध्यान में रखते हुए उचित सड़क सुरक्षा लर्निंग प्रोग्राम के माध्यम से सभी को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरुक बनाया। भारत को सड़क सुरक्षा पर जागरुक बनाने की एचएमएसआई की प्रतिबद्धता के बारे में बात करते हुए श्री विनय ढींगरा-सीनियर डायरेक्टर, एचआर, एडमिन, आईटी एण्ड कॉर्पोरेट अफ़ेयर्स, होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने कहा, ''बच्चे आज एवं आने वाले कल के सड़क सुरक्षा दूत हैं। इस उम्र में सही ज्ञान मिलने से वे सड़क का ज़िम्मेदारी से इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित होते हैं। अपने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहत, हम जीवन के सभी वर्गों को कवर करते हुए देश भर में सड़क सुरक्षा के बारे में जागरुकता बढ़ाना चाहते हैं।''

# मरेंगो सिम्स अस्पताल ने पहले द्विपक्षीय फेफड़े के प्रत्यारोपण की सफल रिकवरी का जश्न मनाया और अपने वतन वापस जाने से पहले उसे अलविदा कहा

अहमदाबाद। गुजरात राज्य में पहली बार द्विपक्षीय फेफड़े के प्रत्यारोपण का प्राप्तकर्ता अपने सभी परीक्षणों के बाद फिट होने के बाद अपने देश जाने के लिए तैयार है। 41 वर्षीय सीरियाई, अहमद, जो एक बिगड़ती अंतरालीय फेफड़े की बीमारी (ढ्ढरुष्ठ या फेफड़े के फाइब्रोसिस) से 3 महीने से अधिक समय से बिस्तर पर थे, इस साल जनवरी में प्रत्यारोपण प्रक्रिया से गुजरे। मरेंगो एशिया हॉस्पिटल्स सिम्स और फरीदाबाद की संयुक्त विशेषज्ञता से गठित फेफड़े के प्रत्यारोपण दल का नेतृत्व फेफड़े के प्रत्यारोपण के कार्यक्रम निदेशक डॉ कुमुद धीतल ने किया। मरेंगो अस्पताल, फरीदाबाद, हरियाणा से डॉ. धीतल को उनकी टीम का समर्थन प्राप्त था, जिसमें डॉ. प्रदीप कुमार, निदेशक - एनेस्थीसिया एंड क्रिटिकल केयर, सीटीवीएस और हार्ट एंड लंग ट्रांसप्लांट, श्री प्रवीण दास, चीफ परफ्यूजनिस्ट शामिल थे, जिन्हें सिम्स अस्पताल के स्थानीय विशेषज्ञों का सहयोग मिला था- - डॉ धीरेन शाह, सीटीवीएस और हृदय और फेफड़े के प्रत्यारोपण के निदेशक, डॉ प्रणव मोदी, कंसल्टेंट थौरैसिक एंड लंग ट्रांसप्लांट सर्जन, और डॉ धवल नाइक, वरिष्ठ सलाहकार सीटीवीएस और हार्ट एंड लंग ट्रांसप्लांटेशन। डॉ. कुमुद धीतल, डॉ. धीरेन शाह, डॉ. केयूर परीख, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. कपिल अय्यर, डॉ. अमित पटेल और श्री गौरव रेखी, क्षेत्रीय निदेशक- गुजरात और राजस्थान ने मीडिया को संबोधित किया और सवालों के जवाब दिए। मरीज की गतिहीनता और सामान्य कमजोरी को देखते हुए, उन्हें लंबे समय तक अस्पताल में रहने की आवश्यकता थी और प्रक्रिया के 7 सप्ताह बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। प्रोटोकॉल के अनुसार, मरीज को ऑपरेशन के बाद कम से कम 3 महीने तक अहमदाबाद में रहने की आवश्यकता थी ताकि पुनर्वास के कठोर पोस्ट-डिस्चार्ज शेड्यूल और अस्वीकृति और संक्रमण के लिए चिकित्सा निगरानी और उसके लिए अपनी जीवन शैली और जीवनभर दवाएं को समायोजित करने के लिए आवश्यक समय का पालन किया जा सके। अहमद अब आखिरकार अपने देश वापस जाने के लिए तैयार हैं। डॉ. कुमुद धीतल, प्रोग्राम डायरेक्टर लंग ट्रांसप्लांटेशन, मरेंगो एशिया हॉस्पिटल्स ने बताया कि, अहमद को मूल रूप से मुझे 2022 के जुलाई में इंटरस्टिशियल लंग डिजीज (ढ्ढरुष्ठ) के परिणामस्वरूप उन्नत फेफड़े की विफलता के साथ फ्रांस के एक निजी मित्र द्वारा भेजा गया था। उन्होंने महसूस किया कि अहमद के पास भारत में समय पर फेफड़े के प्रत्यारोपण का बेहतर मौका था। ढ्ढरुष्ठ, जिसे पहले पल्मोनरी फाइब्रोसिस कहा जाता था, निशान ऊतक की विशेषता वाली बीमारी है जो उत्तरोत्तर और अपरिवर्तनीय रूप से सामान्य फेफड़ों को बदल देती है। यह आम तौर पर सांस की तकलीफ, थकान और खांसी के लक्षण दिखाती है और बाद में पूर्णकालिक ऑक्सीजन की आवश्यकता पडने लगती है और मरीज थोडे समय के बाद चलने के लिए असमर्थ हो जाता है। कारण बहुक्रियाशील हैं



# गोदरेज लॉक्स ने 500 परिवारों में घरों की सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाया

भोपाल। गोदरेज एंड बॉयस की एक प्रमुख कंपनी और गुणवत्ता और सुरक्षा में एक विश्वसनीय नाम गोदरेज लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल फिटिंग्स एंड सिस्टम्स (जीएलएएफएस) ने अपना 'लिव सेफ, लिव फ्री' प्रोग्राम लॉन्च किया है। 15 नवंबर को मनाए गए घर सुरक्षा दिवस के क्रम में यह प्रोग्राम लॉन्च किया गया है। इसके तहत कंपनी ने देशभर में 52 स्थानों पर घरेलू सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। इस कार्यक्रम के एक भाग के रूप में, गोदरेज लॉक्स 500 घरों को अपने साथ जोड़कर जागरूकता अभियान चला रहा है, ताकि नागरिकों को घरेलू सुरक्षा के प्रति सचेत कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।




गोदरेज लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल फिटिंग्स एंड सिस्टम्स का लक्ष्य अगले 5 वर्षों में टियर 3 और 4 शहरों पर फोकस करते हुए 'बाजार के लिए फिट' प्रोडक्ट्स के माध्यम से 20 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करना है। उत्तर भारत से मिलने वाले कुल राजस्व में भोपाल वर्तमान में 12 प्रतिशत का योगदान देता है।ब्रांड ने अवधपुरी, भोपाल में आवासीय घरों के लिए मुफ्त घरेलू सुरक्षा जांच, रखरखाव पर विशेषज्ञों की ओर से मार्गदर्शन और निवासियों के लिए चोरी की रोकथाम के उपाय प्रदान करने के लिए सुरक्षा बूथ स्थापित किए हैं। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शिवराज सिंह चौहान ने भी नागरिकों को अपने घरों की सुरक्षा के बारे में समझाया और एक ऐसे समाज के निर्माण की जरूरत बताई, जहां तमाम लोग सुरक्षित और स्वतंत्र रह सकें। गोदरेज लॉक्स के बिजनेस हेड श्री श्याम मोटवानी ने कहा, ''हमारा 'हर घर सुरक्षित' अभियान ग्राहकों को इस बात का महत्व बताता है कि वे अपने घरों को अपने प्रियजनों के लिए एक सुरक्षित आश्रय बनाएं। यही हमारी कंपनी की प्रतिबद्धता भी है। गोदरेज लॉक्स में, हम मानते हैं कि लोगों को संभावित खतरों के बारे में जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाना और उन्हें सही सुरक्षा उपाय प्रदान करना सुरक्षा की संस्कृति का निर्माण कर सकता है, जिससे अंततः समाज को भी लाभ पहुंचता है। मध्य भारत हमारे लिए एक प्रमुख बाजार है और हमें यकीन है कि इस अभियान के साथ हम ग्राहकों की सुरक्षा जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए हमारे ब्रांड को एक जिम्मेदार ब्रांड के रूप में स्थापित करने में कामयाब रहेंगे।''

## इस क्रिकेट सीज़न उठेगा थर्ड अम्पायर से पर्दा

# हिताची एयर कंडीशनर्स के कूलेस्ट थर्ड अम्पायर कैंपेन में एक्टर कीकू शारदा की धमाकेदार एंट्री

मुंबई, एजेंसी। एयर कंडीशनिंग के जाने-माने ब्राण्ड हिताची कूलिंग एण्ड हीटिंग इंडिया ने अपने नए 'कूलेस्ट थर्ड अम्पायर' कैंपेन के साथ भारत के सबसे लोकप्रिय एयर कंडीशनिंग ब्राण्ड के रूप में अपनी मौजूदगी को और भी सशक्त बना लिया है। भारत में क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं है बल्कि लोगों की भावनाओं के साथ भी जुड़ा है, इसी के मद्देनज़र ब्राण्ड इस कैंपेन के माध्यम से सोशल मीडिया यूजर्स एवं क्रिकेट फैंस के साथ एक गहरा रिश्ता बनाने के लिए प्रयासरत है। आधुनिक पीढ़ी के ग्राहकों के साथ मजबूत कनेक्शन बनाते हुए कंपनी ने नई स्पोर्ट्स ब्रांडिंग रणनीति एवं उभरते डिजिटल मीडिया माध्यमों के साथ एयर कंडिशनिंग उत्पादों की मार्केटिंग को देश में एक नयी दिशा प्रदान की है।




नए कैंपेन के बारे में बात करते हुए निलेश शाह, सीनियर वाईस प्रेज़ीडेन्ट, बिज़नेस प्लानिंग एण्ड मार्केटिंग, जॉनसन कंट्रोल्स-हिताची एयर कंडीशनिंग इंडिया लिमिटेड ने कहा, हम एक इनोवेटिव ब्रांड होने के नाते उपभोक्ताओं को भारत के एयर कंडीशनिंग प्रोडक्ट्स के साथ जोड़ने के पुराने तौर-तरीकों को बदलना चाहते हैं। 'नथिंग डर्टी' सोशल मीडिया सोंग एवं 'हू इज़ सूरज' सोशल मीडिया कंटेंट (जिसने अकेले यूट्यूब पर 30 करोड़ से अधिक वीडियो व्यूज़ का आंकड़ा पार कर लिया) को मिली ज़बरदस्त सफलता के बाद कंपनी एक और रोमांच से भरपूर बेहद मनोरंजन वीडियो कैंपेन लेकर आई है। बड़ी संख्या में दर्शकों तक पहुंचने के लिए हम अपने 'कूलेस्ट थर्ड अम्पायर' कैंपेन के साथ नए क्रिकेट सीज़न पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। क्रिकेट का हर सीज़न दर्शकों के लिए भरपूर रोमांच लेकर आता है और एक्टर कीकू शारदा भारत के घर-घर में एक जाना-पहचाना नाम है। हमारे कूलेस्ट थर्ड अम्पायर कैंपेन के साथ दर्शकों को जोड़ने के लिए इससे बेहतर समय या उनसे बेहतर व्यक्ति कोई और नहीं हो सकता। हमें उम्मीद है कि हमारा यह नया कैंपेन, लाखों व्यूज़ के साथ सोशल मीडिया पर नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। एक्टर-कॉमिक श्री कीकू शारदा ने ब्राण्ड के साथ इस एसोसिएशन के बारे में बात करते हुए कहा, मैं खुद क्रिकेट का बहुत बड़ा फैन हूं। मैच देखते समय अक्सर थर्ड अम्पायर की रोमांचक सी तस्वीर मेरी कल्पना में आती थी। वह कैसा दिखता होगा, कैसे कपड़े पहनता होगा, मैच के दौरान जब उसकी ज़रूरत नहीं होती, तो क्या वह खर्राटे ले रहा होता होगा। इस कैंपेन के साथ काम करने में बहुत मज़ा आया, लोग निश्चित रूप से इसे खूब पसंद करेंगे। हिताची एक बेहतरीन ब्राण्ड है और मुझे खुशी है कि मुझे इस थर्ड अम्पायर कैंपेन के माध्यम से देश के जाने-माने एयर कंडीशनिंग ब्रांड के साथ जुड़ने का मौका मिला है।'

# टैली सोल्युशन्स ने की 'एमएसएमई ऑनर्स' के तीसरे संस्करण की घोषणा

## टैली की अनूठी पहल जो भारत और दुनिया भर से एमएसएमई की उपलब्धियों एवं सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं को पहचान कर उन्हें करती है सम्मानित

MSME HONOURS

भोपाल - सॉफ्टवेयर प्रोडक्ट इंडस्ट्री में अग्रणी टैली सोल्युशन्स, जो पिछले तीन दशकों से छोटे एवं मध्यम उद्यमों को बिज़नेस मैनेजमेन्ट सोल्युशन उपलब्ध करा रहा है, ने 'एमएसएमई ऑनर्स' के तीसरे संस्करण की घोषणा की है। एमएसएमई ऑनर्स के तहत कंपनी हर साल ऐसे बिज़नसेज़ और उद्यमियों को पहचान कर उन्हें सम्मानित करती है, जिन्होंने देश के आर्थिक विकास में योगदान दिया हो। एमएसएमई द्वारा सर्वश्रेष्ठ तरीकों को अपनाकर बिज़नसेज़ पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करने के लिए उन्हें ये सम्मान दिए जाते हैं, जो विभिन्न शहरों में काम करते हुए देश के आर्थिक विकास में उल्लेखनीय योगदान देते हैं। यह समावेशी पहल सुनिश्चित करती है कि विभिन्न वर्गों के शहरों, सेगमेन्ट्स में बदलाव लाने वाले ऐसे गुमनाम नायकों को सम्मानित किया जाए, जिन्होंने अर्थव्यवस्था के विकास में योगदान दिया है। सभी बिज़नसेज़ जिनका टर्नओवर रु 250 करोड़ से कम हो और जिनके पास वैद्य जीएसटी नंबर हो, वे इसमें हिस्सा ले सकते हैं। एमएसएमई ऑनर्स के दूसरे संस्करण के लिए देश के 1487 शहरों एवं नगरों से 2000 से अधिक नामांकन प्राप्त हुए थे, 27 जून 2022 को इंटरनेशनल एमएसएमई डे के मौके पर 98 बिजनसेज़ को सम्मानित किया गया। साल भर सोशल मीडिया, प्रेस और पॉडकास्ट आदि के माध्यम से इन विजेताओं की जीत का जश्न मनाया गया। इस साल भारत संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब गणराज्य के अलावा बांग्लादेश, नेपाल, केन्या, इंडोनेशिया और अफ्रीका से भी उत्कृष्ट बिजनसेज़ को सम्मानित किया जाएगा।

# आईसीआईसीआई बैंक ने पेश किया 'समर बोनांजा' - गर्मी के इस सीजन में ग्राहकों के लिए ऑफर्स का एक विशेष गुलदस्ता!

मुंबई, एजेंसी। आईसीआईसीआई बैंक ने 'समर बोनांजा' का एक नया एडिशन लॉन्च किया है। इसके तहत बैंक अपने ग्राहकों को मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स, यात्रा, ऑनलाइन शॉपिंग, डाइनिंग और फूड ऑर्डरिंग, स्वास्थ्य और सौंदर्य और गिफ्टिंग जैसी विभिन्न श्रेणियों में शानदार और दिलचस्प ऑफर दे रहा है।ऑफर लगभग सभी प्रमुख ब्रांडों पर उपलब्ध हैं। इनमें अमेजॉन, फ्लिपकार्ट, एपल, वनप्लस, सैमसंग, एलजी, सोनी, मेक माई ट्रिप, ईज माई ट्रिप, टाटा क्लिक, स्विगी और जोमाटो इत्यादि शामिल हैं।

इस साल, आईसीआईसीआई बैंक ने 'बीट द हीट विद ईएमआई' की थीम के साथ विशेष ईएमआई ऑफर तैयार किए हैं, जो ग्राहकों को मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, यात्रा और ऑनलाइन शॉपिंग श्रेणियों में खरीदारी पर अधिक बचत करने का अवसर देगा। इस तरह ग्राहकों के लिए शॉपिंग और किफायती हो जाएगी।

'समर बोनांजा' ऑफर्स के लॉन्च के साथ आईसीआईसीआई बैंक का लक्ष्य अपने ग्राहकों को उनके पसंदीदा उत्पादों और सेवाओं पर भारी छूट और कैशबैक की पेशकश कर खरीदारी का सुखद अनुभव प्रदान करना है। ग्राहक अपने आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट और डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, ईएमआई और कंज्यूमर फाइनेंस के साथ इन रोमांचक ऑफर्स का भरपूर लाभ उठा सकते हैं।

# जिला कराटे प्रतियोगिता में एसएस लर्नर्स समुह के कुल 20 प्रतिभागी हुए शामिल

## छह प्रतिभागियों ने संयुक्त रूप से 28 मेडल्स जीत कर रचा इतिहास

भोपाल। राजधानी में आयोजित जिला कराटे प्रतियोगिता में एसएस लर्नर्स ग्रुप के कुल 20 प्रतिभागियों ने विभिन्न श्रेणियों में हिस्सा लिया था, जिसमें 16 प्रतिभागियों ने संयुक्त रूप से कुल 28 मेडल्स जीत कर इतिहास रच दिया। एसएस लर्नर्स के प्रतिभागियों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई देने एवं उत्साहवर्धन करने भोपाल महापौर मालती राय, पार्षद जीत राजपूत, पूर्व पार्षद गिरिश शर्मा, पिपलानी थाना प्रभारी अजय नायर विशेष रूप से पधारे। इस अवसर पर अभिभावक, भारत नगर समिति सदस्य एवं अन्य उपस्थित रहे।



# स्नैपचैट सभी चीजों को प्रतिदिन बेहतर बनाता है

मुंबई, एजेंसी। स्नैपचैट सबसे अलग है इसलिए यह चीज़ों को बेहतर बनाता है। यह हमारा मज़ेदार और मैत्रीपूर्ण डिज़ाइन है, गोपनीयता इसकी प्राथमिकता है। यह हर महीने 750 मिलियन लोगों को अपनी सेवा की ओर आकर्षित करता है और यह ऐसे उत्पाद बनाता है, जो चीजों को बेहतर बनाते हैं। दृश्य संचार के क्षेत्र में हम अग्रणी हैं जो कि अल्पकालिक संदेश पर बनाए जाते हैं और इस तरह वास्तविक स्थितियों को मुख्यधारा से जोड़ा जाता है। यह काम हम कहानियों के माध्यम से करते हैं। स्नैपचैट पर संपर्क में रहने, खुद को अभिव्यक्त करने और आपकी अनूठी दोस्ती पर खुशी मनाने के बहुत सारे तरीके हैं। आज, हमने नए अपडेट साझा किए हैं जो आपको उन लोगों के संपर्क में रहने में मदद करते हैं जो सबसे अधिक मायने रखते हैं - आपके मित्र और परिवार।हर महीने, 100 मिलियन से अधिक स्नैपचैटर वॉयस (ध्वनि) और वीडियो कॉलिंग के माध्यम से संपर्क में रहते हैं। अब आप कॉल्स के साथ अपने मित्रों के और करीब आ सकते हैं ... बिल्कुल सही अर्थों में, नए कॉलिंग लेंस जो आपको ग्रिड से मुक्त होने देता है और एक फ्रेम में एक साथ दिखाई देता है तथा जल्द ही, गेम भी खेलते हैं और पहेलियाँ हल करते हैं, जबकि आप वस्तुतः आमने-सामने होते हैं। 2013 से, आपने कहानियों के माध्यम से अपने जीवन को दोस्तों के साथ साझा किया है और अब आप क्या कर रहे हैं यह दिखाने के दो नए तरीके हैं। पहली एक नए प्रकार की कहानी है जिसे आफ्टर डार्क कहा जाता है। अगली बार जब आप देर से अध्ययन कर रहे हों या बाहर घूमने जा रहे हों, तो आफ्टर डार्क स्टोरी में जोड़ें। सुबह होने पर कहानी को रात में बहस के लिए प्रकट होते देखें। दूसरा समुदाय है, एक विशेषता जो आपको सहपाठियों के साथ अपना दृष्टिकोण साझा करने देती है। पूरे महीने, समुदायों को अतिरिक्त स्कूलों में भेजा जाएगा। वैसे तो स्नैप्स एंड चैट को इस तरह डिज़ाइन किया गया है कि अपने आप (डिफॉल्ट तौर पर) डिलीट हो जाएं लेकिन कुछ स्नैप बहुत अच्छे होते हैं और डिलीट नहीं किए जा सकते हैं। दरअसल, स्नैपचैट मेमोरीज़ से बने फ्लैशबैक को हर दिन एक अरब से अधिक बार देखा जाता है, और अब, हम इन कमियों को सीधे आपके दोस्तों के साथ बातचीत में ला रहे हैं, ताकि आप अपने पसंदीदा स्नैप्स से बने पलों को फिर से जी सकें।

## पं रमेश दुबे ने ट्रेन में किया छिंदवाड़ा से चौरई तक सफर



**चौरई ।** बहुप्रतीक्षित छिंदवाड़ा नैनपुर एवं छिंदवाड़ा जबलपुर ब्रॉडगेज परियोजना पूर्ण होने के बाद सोमवार 24 अप्रैल को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन परिचालन का शुभारंभ किया पीएम मोदी ने छिंदवाड़ा नैनपुर छिंदवाड़ा के साथ ही रीवा छिंदवाड़ा इतवारी ट्रेन का भी शुभारंभ किया इस अवसर पर छिंदवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष विधायक पं रमेश दुबे व जिले के भाजपा नेताओं ने वर्चुअल कार्यक्रम में पीएम मोदी का भाषण सुना और हरी झंडी दिखाकर छिंदवाड़ा से नैनपुर ट्रेन रवाना की। इस ट्रेन में पूर्व विधायक पं रमेश दुबे छिंदवाड़ा से चौरई तक सफर कर पहुंचे मार्ग में सभी स्टेशनों पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा ट्रेन चालक का पुष्पमाला से स्वागत किया।

## समय सारणी बदलाव हेतु दिया गया ज्ञापन



**छिंदवाड़ा ।** शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में समय सारणी कुछ बदलाव हेतु प्राचार्य को ज्ञापन दिया गया इसमें मुख्य विषय या है कि वर्तमान स्थिति के अनुसार ग्रीष्म ऋतु का प्रभाव बहुत बढ़ते जा रहा है एवं दोपहर की पाली के पेपर सुबह स्थानांतरित किया जाये कुछ विद्यार्थियों का पेपर एक ही समय पर एक ही दिन होने के कारण वह पेपर कैसे देंगे समय परिवर्तित किया है तथा आपसे निवेदन है कि समय सारणी में परिवर्तन किया जाए जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित छात्र सक्षम सरसवार प्रखर पुरोहित समर्पित मिश्रा नीरज साहू अक्षय साहू राहुल धुर्वे वैभव धुर्वे अर्जुन डेहरिया एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## हडताली संगठनों से बात करे सरकार: वासुदेव शर्मा

**छिंदवाड़ा ।** मप्र में चल रही अस्थाई, संविदा कर्मचारियों की हडतालें और हडताली संगठनों से सरकार के प्रतिनिधियों द्वारा बातचीत न करना दुर्भाग्यपूर्ण है, ऐसा करके सरकार कामगारों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन कर रही है, आंदोलनकारियों से उनकी मांगों पर बातचीत करना सरकार की न सिर्फ जिम्मेदारी है बल्कि कर्तव्य भी है, आंदोलनकारियों से चर्चा न करके भाजपा सरकार अपने कर्तव्य से मुंह मोड रही है। मप्र आउटसोर्स, अस्थाई एवं संविदा कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने संविदा स्वास्थ्य कर्मियों एवं रोजगार सहायकों की हड़ताल का समर्थन करते हुए सरकार से मांग की है कि हडताली संगठनों के नेताओं से तत्काल बात कर उनकी मांगों के समाधान का रास्ता निकाले।

## स्वेच्छा अनुदान राशि चेक वितरित किए



**चौरई ।** चौरई ब्लॉक अध्यक्ष हरिश्चंद्र पटेल के निर्देशन में जिला पंचायत के ऋषि पटेल द्वारा सांसद निधि से प्राप्त चेक वितरित किया गया । सांसद निधि से प्राप्त स्वेच्छा अनुदान राशि का वितरण ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मे हितग्राहियो को वितरण किया गया! ज्ञात हो कि विधानसभा के ऐसे हितग्राही जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर थी ऐसे व्यक्तियों को जिले के सांसद नकुल नाथ जी के द्वारा अनुदान राशि आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के हस्ते प्रदान किया गया! अनूदान प्राप्त राशि व्यक्तियो के द्वारा कांग्रेस कमेटी को धन्यवाद प्रेषित किया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस मीडिया प्रभारी राजेंद्र जांघेला अविनाश शर्मा सचिन वर्मा हरिओम वर्मा एवं कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे

## शिविर लगाकर नसबंदी के लिए किया जा रहा प्रेरित

**अमरवाड़ा।** नगर के शासकीय अस्पताल में विगत कुछ महीनों से लगातार बीएमओ डॉ अशोक सेन की सक्रियता से कामकाज सहित स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर काफी सुधार किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को सिविल अस्पताल में नसबंदी शिविर लगाया गया। जिसमें साल के पहले ही शिविर में लगभग 30 नसबंदी की गई। जिसमें 29 महिलाएं और 1 पुरुष शामिल है। इस सत्र का यह पहला कैंप था। जबकि लक्ष्य पूर्ति से अधिक एक ही कैंप में नसबंदी की जा चुकी है। डॉ आशीष राज एवं उनकी पूरी टीम लगातार क्षेत्र में नसबंदी को लेकर आमजनों को जागरूक करते हुए शिविर लगाकर नसबंदी की जा रही है। इस अवसर पर डॉ अशोक सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि टीकाकरण हो या नसबंदी सभी स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर अलग-अलग नवाचार किए जा रहे हैं। जिसको लेकर आम जनों को जागरूक किया जा सके और इसके लिए आगे भी ऐसे ही प्रयास किए जाते रहेंगे।

## अधिवक्ता पीयूष शर्मा बने विहिप विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक

**छिन्दवाड़ा।** विश्व हिंदू परिषद महाकौशल प्रान्त की अनुशंसा पर वरिष्ठ अधिवक्ता पीयूष शर्मा को विहिप जिला छिन्दवाड़ा विधि प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया। विहिप जिला अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह एवं विभाग मंत्री अजय बंदेवार की उपस्थिति में जिला न्यायलय परिसर स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर पीयूष शर्मा को भगवा अंगवस्त्र देकर संगठन का दायित्व प्रदान किया गया।

### छिन्दवाड़ा के लिए ऐतिहासिक दिन

# प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की सरकार मिलकर कर रही विकास के कार्यः डॉ. मुरुगन

## केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. मुरुगन ने छिन्दवाड़ा-नैनपुर पैसेंजर ट्रेन का किया शुभारम्भ





**छिन्दवाड़ा ।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने सोमवार को छिन्दवाड़ा रेलवे स्टेशन से छिन्दवाड़ा नैनपुर पैसेंजर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक दीपक सक्सेना, महापौर विक्रम अहाके, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुन्हार, श्रीमती नमृता एवं भाजपा जिला अध्यक्ष सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा की छिन्दवाड़ा के लिए ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि आज से छिन्दवाड़ा नैनपुर पैसेंजर ट्रेन का शुभारम्भ किया जा रहा है । हमारे पीएम आज रीवा ईतवारी ट्रेन का उद्घाटन कर रहे हैं जिसका लाभ छिन्दवाड़ा के लोगों को होगा। इस ट्रेन के चलने से मैहर की माता के दर्शन करने का लाभ छिन्दवाड़ा के लोगों को मिलेगा। छिन्दवाड़ा से रीवा की डायरेक्ट कनेक्टिविटी होने से प्रयागराज की कनेक्टिविटी आसानी से हो जाएगी। यहां के लोग आसानी से प्रयागराज जा सकेंगे। छिन्दवाड़ा से 3 ट्रेनों की सौगात मिलेगी । उन्होंने कहा की पी.एम. और सी. एम. की सरकार मिलकर काम कर रही है । हमारी सरकार ने रेलवे के लिए बहुत काम किया है । अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत छिन्दवाड़ा, सिवनी, नैनपुर के साथ साथ पूरे देश के रेलवे स्टेशनों के डेव्हलपमेंट किये जा रहे हैं । इस क्षेत्र के लिए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा नैरोगेज से ब्राड गेज में बदलाव का कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया था। राम विलास पासवन जब रेल मंत्री थे और सुंदर लाल पटवा सांसद थे तब गोंदिया छिन्दवाड़ा सिवनी मंडला फोर्ड के लिए भूमि पूजन किया गया था और आज 182.25 किमी का कंवर्जन कर नैरोगेज से ब्राड गेज में किया गया है । इस पूरे लाइन का इलेक्ट्रिफिकेशन भी कर लिया गया है । इससे हम सबको बहुत बड़ा फायदा मिलेगा । छिन्दवाड़ा सिवनी नैनपुर मंडला फोर्ट रेल लाइन से कान्हा नेशनल पार्क सीधे जुड़ जाएगा जिससे अंतरराष्ट्रीय पर्यटक यहां आएंगे । यह रेल लिंक छिंदवाड़ा सिवनी नैनपुर एवं मण्डला जिलों के विकास हेतु लाभदायक होगा तथा इससे मंडला (कान्हान नेशनल फॉरेस्ट) में पर्यटकों की आवाजाही को बढ़ावा मिलेगा । जिसका लाभ हम सबको मिलेगा। पी.एम. रीवा ईतवारी ट्रेन का उद्घाटन किया और छिन्दवाड़ा से छिन्दवाड़ा नैनपुर पैसेंजर ट्रेन का उद्घाटन किया जा रहा है । हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के सिद्धांत पर काम कर रही है ।

## छिन्दवाड़ा-नैनपुर ट्रेन, भाजपा लूट रही झूठी वाहवाही

### रेलवे स्टेशन पहुंचकर कांग्रेस नेताओं ने दिखाई ट्रेन को हरी झंडी

**छिन्दवाड़ा।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत छिन्दवाड़ा-नैनपुर-मण्डला ट्रेन की सौगात कमलनाथ की देन है, किन्तु भाजपा अन्य योजनाओं और परियोजनाओं की तरह ही इस बहुप्रतिक्षित परियोजना को हथियाकर झूठी वाहवाही लूट रही है। भाजपा के केन्द्रीय मंत्री छिन्दवाड़ा सिर्फ इसीलिये आ रहे हैं कि वे कांग्रेस की जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं पर अपना ठप्पा लगाकर उसे भाजपा की बता सकें, परन्तु उनके पास इससे जुड़े कोई भी प्रमाण नहीं है। छिन्दवाड़ा से दिल्ली तक संचालित होने वाली पातालकोट एक्सप्रेस, छिन्दवाड़ा से इंदौर और छिन्दवाड़ा से नागपुर ट्रेनों के संचालित होने का सम्पूर्ण श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ को जाता है। कमलनाथ ने अपने केन्द्रीय मंत्रित्व कार्यकाल में छिन्दवाड़ा-नैनपुर-मण्डला फोर्ट आमान परिवर्तन का शिलान्यास छिन्दवाड़ा रेलवे स्टेशन परिसर में किया था, जिसके उपरांत छिन्दवाड़ा-नैनपुर खण्ड के आमान परिवर्तन का कार्य प्रारंभ हुआ था जिसके साक्षी सम्पूर्ण जिलेवासी है।

### कांग्रेस नेताओं ने ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

छिन्दवाड़ा-नैनपुर-मण्डला ट्रेन को मप्र शासन के पूर्वमंत्री दीपक सक्सेना, नगर पालिक निगम महापौर विक्रम अहके व जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुन्हार ने हरीझंडी दिखाकर रेलवे स्टेशन से रवाना किया। ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के उपरांत मीडिया से चर्चा में पूर्वमंत्री दीपक सक्सेना ने कहा कि यह छिन्दवाड़ा के इतिहास का स्वर्णिम दिन है। कमलनाथ एवं नकुलनाथ के प्रयासों से इतवारी, छिन्दवाड़ा, नैनपुर, जबलपुर ब्राडगेज ट्रेन चलेगी। इस ट्रेन के लिये



सम्पूर्ण प्रयास व राशि की स्वीकृति कमलनाथ के द्वारा कराई गई थी। छिन्दवाड़ा से सिवनी तक रेल लाइन के लिये निर्मित 68 करोड़ के पुल-पुलियाओं का भूमिपूजन स्वंय मैंने किये हैं। नगर पलिक निगम महापौर विक्रम अहके ने कहा कि इस ट्रेन के संचालन का पूरा श्रेय कमलनाथ एवं नकुलनाथ को देता हूं उन्होंने आज से चौदह वर्ष पूर्व ट्रेन चलाये जाने की आधारशिला रखी थी। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुन्हार ने कहा कि छिन्दवाड़ा-नैनपुर-मण्डला ट्रेन कमलनाथ की देन है।

## 28 नग गौवंश पकड़ा, जंगल के रास्ते पैदल हो रही थी गौ तस्करी



**छिंदवाड़ा ।** राष्ट्रीय हिन्दू सेना के युवा द्वारा लगातार गौ रक्षा की जा रही है जहाँ से भी गौ तस्करी की सूचना संगठन के पदाधिकारियों को मिल रही है वह तत्काल एक्सन ले रहे हैं और गौवंश बचाने में लगे हुए हैं । सोमवार के दिन दोपहर मे मोहखेड़ थाना के अन्तर्गत मुरदई पर जंगल के रास्ते झुण्ड में मोहगांव महाराष्ट्र की ओर गौ तस्करी की जा रही थी राष्ट्रीय हिंदू सेना मुरदई के पदाधिकारियों ने उन्हें रोका और पूंछताछ की गयी तो तस्करो के द्वारा राष्ट्रीय हिंदू सेना के कार्यकर्ता पदाधिकारियो को तस्करो ने जान से मारने की धमकी दे रहे थे जैसे ही राष्ट्रीय हिंदू सेना के कार्यकर्ताओ ने जिले के पदाधिकारियो की सूचना दी तो जिले से सैकडो कार्यकर्ता पदाधिकारी मोहखेड थाना पहुंचे जिसमे 3तीन तस्करो को पकडा गया जिन्हे रिपोर्ट दर्ज करवाकर मोहखेड़ थाना के सुपुर्द किया गया , कुल गौवंश 28 थे जिन्हें मोहखेड़ मुरदई राष्ट्रीय हिंदू सेना के पदाधिकारियों के सहयोग से पकडा गया सभी गौवंशों को गौशाला भेज दिया गया । तीन तस्कर भी पकड़े गए जिनके खिलाफ पुलिस द्वारा मामला दर्ज किया गया है । इस दौरान राष्ट्रीय हिन्दू सेना राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमित राजपूत जी जिला अध्यक्ष यमन साहू जिला उपाध्यक्ष अनुराग श्रीवास्तव नगर अध्यक्ष ऋषि लाला मुरदई ग्रामीण अध्यक्ष जितेन्द्र चितकारे उपाध्यक्ष शैलेष चितकारे संयोजक आयुष बोरकर सह संयोजक राजकुमार ग्रामीण सचिव नितेश उईके गोरक्षा प्रमुख राहुल उईके मठमंदिर प्रमुख अंकित उईके राहुल उईके राजा वर्मा ,एंव सैकडो कार्यकर्ता इत्यादि उपस्थित थे ।

## दीन-दुखी की मदद करना भी देवी पूजा है: हितेंद्र शास्त्री

**अमरवाड़ा।** हमारे आस-पास के दीन दुखी और गरीब व्यक्तियों की सेवा और सहायता भी देवी पूजा है। सबसे बड़ा धर्म परहित ही है,मंदिर में छोटी सेवा और गौमाता की सेवा भी देवी पूजा है। जगत देव मंदिर में चल रही श्रीमद् देवी भागवत कथा में कथावाचक आचार्य हितेंद्र शास्त्री ने धर्म की विस्तृत व्याख्या करते हुए श्रद्धालुओं को मनुष्य जीवन के विभिन्न धर्मों के विषय में विस्तार से बताया और विभिन्न प्रकार की देवी पूजा के विषय में शास्त्रोक्त पद्धति का विवेचन किया।

## कौमी एकता दरगाह कमेटी ने आंगनवाड़ी को आलमारी एवं बच्चो के लिए चेयर भेट की



**सौंसर ।** हर वर्ष गौस पाक सरकार का उर्स मनाने वाली कौमी एकता दरगाह कमेटी ने इस वर्ष अपने कार्यक्रम में थोड़ा बदलाव करते हुए, आंगनवाड़ी को आलमारी और बच्चो के लिए चेयर भेट की। क्योंकि वार्ड नंबर 8 में ही यह दरगाह आता है और आंगनवाड़ी भी उसी वार्ड में है। और आंगनवाड़ी में ऑफिस कार्य के समान रखने के लिए कोई इस प्रकार की सुविधा नहीं थी इस लिए कमेटी ने निर्णय लिया और ईद के मौके पर आंगनवाड़ी को एक ऑफिशियल अलमारी एवं छोटे बच्चों को बैठने के लिए 12 चेयर भेंट की गई। आंगनवाड़ी में कार्यरत कविता सुरजुसे. और उनकी सहपाठी शालू रंगारे मौजूद थी बच्चों को बिस्किट योग चॉकलेट का वितरण हुआ तो बच्चे भी बहुत खुश हुये और आभार व्यक्त किया इस मौके पर आंगनवाड़ी सुपरवाइजर श्रीमती वंदना ढोक भी उपस्थित थी। कौमी एकता दरगाह कमेटी ने सर्वप्रथम दरगाह जाकर चादर पेश की गई उसके पश्चात संपूर्ण टीम आंगनवाड़ी में आकर के भेट प्रदान की जिसमें मुख्य रुप कमेटी के व्यवस्थापक प्रदीप कलसकर (पूर्व सैनिक भा.से.) रघुनाथ गजभिए अध्यक्ष इशाक खान, अल्केश बाविस्टाले,जाहिद खान, तौफ़ीक़ शेख, शुभम बैंड, गुरुदेव हेडाऊ, कयूम शेख, प्रकाश निमजे, तौसीफ कच्ची, रवि ठोसरे आदि का समावेश।

## केन्द्रीय विद्यालय में कथक कार्यशाला



**छिंदवाड़ा ।** केन्द्रीय विद्यालय छिन्दवाड़ा क्रमांक-एक में कत्थक कार्यशाला का आयोजान किया गया। कार्यशाला में बड़े उत्साह के साथ लगभग 350 विद्यार्थियों ने अपनी संगीत शिक्षिकाओं श्रीमती जूली सिंघई और सुश्री शैलजा डेहरिया के साथ शिरकत की .. केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-एक के प्राचार्य हरि प्रसाद धारकर ने बताया कि कार्यशाला में मुख्य अतिथि एवं पुलिस अधीक्षक विनायक वर्मा ने कला, संस्कृति और विरासत के बीज बोने के लिए इस कार्यशाला की मुक्त कंठ से सराहना की। कार्यशाला में विद्यालय के प्राचार्य धारकर ने कत्थक को परंपरा और विरासत का अमूल्य हिस्सा बताते हुए इसे जीवन विन्यास की कला के रूप में निरुपित किया। उन्होंने बताया कि कार्यशालायें केन्द्रीय विद्यालय संगठन के निर्देश और मार्गदर्शन में राउट्स टू रूट्स के अंतर्गत आयोजित की जा रही हैं । कार्यशाला योजना, संचालन और प्रशिक्षण का दायित्व जबलपुर की कत्थक कलाकार सुश्री आर्या सेन द्वारा नितिन कुमार और मनीष कुमार के सहयोग से संपन्न किया गया जिन्होंने फाग नृत्य की आभा में राधा-कृष्ण की छवि को माधुर्य और सौन्दर्य का नियामक नियंता निरुपित करते हुए विद्यार्थियों को प्रदर्शनकारी कलाओं में कथक की समझ विकसित करने में मदद की। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत शिक्षिका श्रीमती निशा यादव ने कक्षा दसवीं के अपने विद्यार्थियों कु.तन्वी धारकर व कु.सिद्दिदा दुबे के सहयोग से संपन्न किया ।

## लम्पी स्किन डिसीज के संक्रमण रोकने के लिये सम्पूर्ण सीमा में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**छिंदवाड़ा ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती शीतला पटले द्वारा उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग छिंदवाड़ा के प्रतिवेदन के आधार पर दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा-144 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये जनसामान्य के हित, जानमाल एवं पशुधन की सुरक्षा तथा लोकशान्ति को बनाये रखने के लिये छिंदवाड़ा जिले की सम्पूर्ण सीमा में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है । जारी आदेश के अनुसार सम्पूर्ण जिले में पशु मेला, पशु प्रदर्शनी एवं पशु हाट बाजारों, सम्पूर्ण जिला क्षेत्र में पशुओं के परिवहन, अन्य राज्यों, जिलों से छिंदवाड़ा क्षेत्र की सीमा में पशुओं के प्रवेश तथा पशु पालकों द्वारा पशुओं को लावारिस जंगलों, सार्वजनिक स्थलों में पर चराई के लिये एवं सार्वजनिक जलाशयों में पानी पीने के लिये छोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है ।

### रोजगार सहायकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**अमरवाड़ा।** बीते एक पखवाड़े से हड़तालरत ग्राम रोजगार सहायकों से मिलने क्षेत्रीय विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह जनपद पंचायत परिसर अमरवाड़ा पहुंचे। जहां रोजगार सहायक संघ के पदाधिकारियों ने अपनी मांगों जिनमें प्रमुख रूप से रोजगार सहायकों को जिला संवर्ग में सहायक सचिव संविलियन एवं नियमितीकरण करने एवम वेतन पंचायत सचिव के समकक्ष करने रोजगार सहायकों के लिए स्थानांतरण नीति लागू करने आकस्मिक दुर्घटना पर अनुग्रह सहायता राशि तथा अनुकंपा नियुक्ति के प्रावधान सहित अन्य मांगों को पूरा कराए जाने के लिए विधायक कमलेश प्रताप शाह को ज्ञापन सौंपा।

## लाड़ली बहना योजना 348043 ऑनलाइन आवेदन

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में छिंदवाड़ा जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत महिलाओं के ऑनलाइन आवेदन भरने का कार्य जारी है। अभी तक 3 लाख 48 हजार 43 आवेदन ऑनलाइन भरे जा चुके हैं। दीवार लेखन के माध्यम से और चौपाल लगाकर भी महिलाओं को योजना के संबंध में जागरूक किया जा रहा है और उनके आवेदन भरवाये जा रहे हैं।

## टीसीएस यूथ एंप्लॉयमेंट प्रोग्राम के तहत युवाओं को मिली ट्रेनिंग

### सांसद नकुलनाथ ने युवाओं को दिये प्रमाण पत्र



**छिन्दवाड़ा ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व जिले के सांसद नकुलनाथ के प्रयासों से जिले के युवाओं को शिक्षा के साथ ही रोजगार के अवसर भी प्राप्त होते हैं। नेताद्वय के प्रयासों से टीसीएस यूथ एंप्लॉयमेंट प्रोग्राम के तहत ट्रेनिंग प्राप्त युवाओं को आज जिले के सांसद श्री नकुलनाथ ने प्रमाण पत्र वितरित कर युवाओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये शुभकामनायें दी है। सांसद नकुलनाथ ने युवाओं से कहा कि हमने अपना काम कर दिया अब एनक्यूटी टेस्ट एवं साक्षात्कार पास करने की जिम्मेदारी आपकी है। बीकॉम विषय से स्नातक छात्रा आयुषी जामठे ने नेताद्वय के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि आज आप लोगों की वजह से ही बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए आदि कोर्स से स्नातक युवाओं के लिये बहुराष्ट्रीय कंपनियां छिन्दवाड़ा में अवसर उपलब्ध करवा रही है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि अपने शहर में रहकर ही मुझे इतना अच्छा अवसर मिलेगा। अमरवाड़ा निवासी देवेन्द्र सूर्यवंशी ने सांसद के प्रति आभार जताया।

यह रहे उपस्थित- कार्यक्रम में सोनी कम्प्यूटर एजुकेशन की डॉयरेक्टर श्रीमती कीर्ति सोनी, मनोज सोनी, प्राचार्य रोहित वर्मा, सेन्टम फाउंडेशन के प्रोजेक्ट हेड विश्वेश चंदेल, आदित्य सेठिया व विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

### हमारे कार्यकर्ता ही हमारी जीत का आधार: कमलनाथ

छिन्दवाड़ा। आप सभी मुझसे नहीं मिल पाते, दूर रहते हैं, किन्तु यह नहीं समझना की आप मुझे दूर है। छिन्दवाड़ा का प्रत्येक नागरिक मेरे दिल और दिमाग में रहता है। मैंने अपनी जवानी छिन्दवाड़ा के लिये कुर्बान कर दी, किन्तु सफर अभी लम्बा है, हम सभी को साथ चलना होगा तभी हमारे सपने साकार हो पायेंगे जो हमने हमारे छिन्दवाड़ा और मप्र के लिये देखे हैं। मेरे पास बहुत सीमित समय होता है, प्रदेश की जिम्मेदारी है, किन्तु आप सभी से मिलना था, इसीलिये सम्पूर्ण व्यवस्ताओं के बाद भी आप सभी के बीच पहुंचा। सामने बैठे कुछ चेहरे पहली दफा दिखाई दे रहे हैं, मैं जानता हूं कि आप सभी ने कांग्रेस की जमीन को संभाले रखा है। जो सामने बैठे हैं वही चुनाव जीताते हैं, उक्त उदगार आज पूर्व सीएम, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने तामिया विकासखण्ड के ग्राम कुर्सीढ़ाना में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुये व्यक्त किये। उन्होंने अपने उदबोधन में आगे कहा कि कांग्रेस की जीत का आधार कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता और पदाधिकारी है। जिनका गांव-गांव और घर-घर तक सम्पर्क है, उन्हें क्षेत्र की सम्पूर्ण जानकारी होती है। चुनाव का जो भी परिणाम आता है वह आपकी वजह से आता है, इसीलिये मैं आपसे यही कहना चाहता हूं कि आगामी छह माह बाद विधानसभा के चुनाव होंगे इसमें आप लोगों का महत्वपूर्ण योगदान होगा। आप सभी अपनी जिम्मेदारी को भलीभांति समझते हैं। अब आपको ही अपने क्षेत्र में कांग्रेस की जिम्मेदारी संभालनी है, क्योंकि मुझ पर पूरे प्रदेश की जिम्मेदारी है।

## जनता के कल्याण हेतु सदैव प्रयासरत रहूँगा: संदीप रघुवंशी

### थोटामाल पंचायत भवन में विशाल मोतियाबिंद नेत्र व स्वास्थ्य शिविर संपन्न हुआ



**छिन्दवाड़ा ।** बिछुआ विकासखंड के थोटामाल ग्राम में पूज्य संत स्वर्गीय यज्ञ सम्राट श्री 1008कनकबीहारिदास महाराज, कनकधाम को श्रद्धांजलि देकर पुण्य स्मृति मे आयोजित स्वास्थ्य शिविर मे आज 24अप्रैल को थोटामाल, गुमतरा,पाथरी, खमरिया,डोला पांजरा ग्राम सम्मिलित हुऐ(चौरई विधानसभा) कार्यक्रम मे दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि भाजपा पूर्व मण्डल अध्यक्ष शिवराम चौरासिया, जनपद सदस्य व मण्डल महामंत्री बलवीर डेहरिया, सरपंच धुर्वे, सचिव नामदेव, ओम रघुवंशी, दिनेश साहू, राजेंद्र मिनोटे,राजा रघुवंशी, अजीत रघुवंशी, चिंटू पटेल,ने पूज्य बाबाजी के चित्र पर माल्यार्पण किया, आयोजक संदीप रघुवंशी ने पूज्य संत कनकबिहारी जी का जीवन परिचय बताया, इस अवसर पर सभी ग्रामवासियो ने पुष्प चढ़ाकर गुरुदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की, लायंस हॉस्पिटल नेत्र टीम,डॉ डी एस उमरेठे,लाडली बहना पंजीयन प्रभारी ग्राम पंचायत स्टॉफ, आंगनवाड़ी आशा सहयोगी, शिक्षक गण, ग्रामवासी उपस्थित रहे द्य निःशुल्क स्वास्थ व नेत्र जांच शिविर(मोतियाबिंद ऑपरेशन)मे इलाज़ के साथ साथ लाड़ली बहना योजना के पंजीयन भी हुएद्य इस अवसर पर जनाधिकार सेवा समिति के अध्यक्ष व शिविर संयोजक संदीप रघुवंशी ने समिति की ओर से कैंप की सफलता हेतु ग्रामवासियो व अतिथियों का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया एवं लायन्स हॉस्पिटल परासिया, विवान्ता हॉस्पिटल व स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग,कोटवार पंचायतकर्मी, नेत्ररोगियों व डॉ नर्स व स्टॉफ का स्वागत तिलक लगाकर किया व मोतियाबिंद मुक्त चौरई विधानसभा का संकल्प लिया और रघुवंशी ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा हैं इस शिविर के द्वारा निरंतर प्रत्येक ग्राम मे स्वास्थ सेवाए प्रदान की जा रही है, आगे भी हर संभव प्रयास निरन्तर जारी रहेगा। आज दिनांक 25अप्रैल,मंगलवार का शिविर प्रातः 10बजे से 05बजे तक रमपुरीटोला के पंचायत भवन मे आयोजित किया गया हैद्य

# कांग्रेस का शिवराज सरकार के खिलाफ आरोप पत्र

## 388 बिंदुओं में गड़बड़ी-घोटालों का जिक्र, कांग्रेस का दावा- अफसरों ने पर्दे डाले, बेनकाब करेंगे

भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस, शिवराज सरकार के खिलाफ आरोप पत्र लाएगी। पीसीसी अध्यक्ष कमलनाथ ने 3 कैटेगरी में इसे तैयार कराया है। इसे प्रिंट कराकर कांग्रेस जल्द जिला स्तर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी। बुक, पैंपलेट और पोस्टर्स के जरिए इसे जनता तक पहुंचाने की प्लानिंग है।

आरोप पत्र समिति के अध्यक्ष और पूर्व विधायक पारस सकलेचा ने बताया कि कांग्रेस ने आरोप पत्र को 3 भागों बांटा है। पहला भाग फाइनेंशियल करप्शन यानी आर्थिक रूप से किए गए घोटालों का है। दूसरे पार्ट में कुशासन को लेकर पॉइंट्स शामिल किए गए हैं। तीसरा पार्ट कुप्रबंधन का है। तीनों कैटेगरी में 388 पॉइंट्स शामिल किए गए हैं। आरोप पत्र में पंचायत से लेकर मंत्रालय तक में हुई गड़बड़ियों और घोटालों को शामिल किया गया है।

इन तीनों कैटेगरी के अनुसार आरोप पत्र में मुद्दे शामिल किए गए हैं। करीब 6 महीने की एक्सरसाइज के बाद पिछले हफ्ते कमलनाथ के बंगले पर हुई बैठक में इसे फाइनल किया गया है। भाजपा सरकार द्वारा मध्यप्रदेश में की गई गड़बड़ियों, घोटालों, अनियमितताओं के मामलों को लेकर कांग्रेस जनता के बीच आरोप पत्र की बुक बनाकर पेश करेगी। एक महीने में ये किताब पब्लिश होगी। कांग्रेस के कार्यकर्ता इसे जनता तक पहुचाएंगे।




कांग्रेस का दावा, भाजपा सरकार में घोटालों की लंबी लिस्ट

कांग्रेस ने प्रदेशभर से बड़े घोटालों और गड़बड़ियों की जानकारी मंगाई थी। इनकी स्क्रूटनी करने के बाद जिन मामलों में पुख्ता सबूत मिले हैं, उन मामलों को आरोप पत्र में शामिल किया गया है। कांग्रेस, बड़े नेता दौरे के वक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस और मंच से जनता के बीच इन्हें पढ़कर सुनाएगी। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि 18 साल की भाजपा सरकार में घोटालों की लंबी लिस्ट है। हम ऐसी प्लानिंग कर रहे हैं कि सोशल मीडिया पर ड्ढद्धष्श्वह्, रील्स जैसे कंटेंट के जरिए भी शिवराज सरकार की हकीकत जनता को बताई जा सके। कांग्रेस युवा वर्ग को इन घोटालों और गड़बड़ियों के कारण हुए नुकसान से परिचित कराने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लेगी।

# मध्यप्रदेश में चक्रवाती हवाओं की आशंका, मई की शुरुआत तेज हवाओं से

**भोपाल।** देश में प्रवेश कर चुका पश्चिमी विक्षोभ पंजाब और उसके आसपास हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। प्रदेश के मध्य भाग में भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। इस वजह से प्रदेश के मौसम में भारी उतार-चढ़ाव आ रहा है। पश्चिमी विक्षोभ अमूमन पंजाब-हरियाणा से होकर गुजरते हैं, लेकिन इस बार पश्चिमी विक्षोभ राजस्थान और उत्तरी मध्य प्रदेश से होकर गुजर रहा है। यही कारण है कि मध्य प्रदेश के इलाकों में भी चक्रवाती घेरे बने हुए हैं।

मध्यप्रदेश में मार्च-अप्रैल की तरह ही मई की शुरुआत भी आंधी-बारिश से होगी। 27 अप्रैल से नया सिस्टम एक्टिव हो रहा है, जिसका असर 4 मई तक रहने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो नए सिस्टम का असर प्रदेशभर में रहेगा। बादल छाए रहेंगे, तो 40 से 50च्द्व प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी चलेगी और बारिश भी होगी। एक्टिव मौजूदा सिस्टम की वजह से मंगलवार को रीवा संभाग के



जिलों समेत टीकमगढ़, निवाड़ी और छतरपुर में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है।

मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि प्रदेश में 25 और 26 अप्रैल को गर्मी का असर बढ़ जाएगा। रीवा संभाग के जिले रीवा, सतना, सीधी और सिंगरौली में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। वहीं, टीकमगढ़, निवाड़ी और छतरपुर में भी मौसम बदला हुआ रहेगा।

मौसम वैज्ञानिक पांडे ने बताया कि दो दिन बाद यानी, 27 अप्रैल को उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) एक्टिव हो रहा है। इसका मध्यप्रदेश में 27 से 30 अप्रैल और 1 से 4 मई तक असर देखने को मिलेगा। प्रदेशभर में बादलों का दौर रहेगा। वहीं, चमक-गरज के साथ बारिश होगी। आकाशीय बिजली चमकने या गिरने की संभावना रहेगी। भोपाल में अगले चार दिन मौसम का मिजाज बदला रहेगा। 25 अप्रैल को कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। 26, 27 और 28 अप्रैल को तेज आंधी के साथ बारिश हो सकती है। इससे दिन के तापमान में गिरावट होगी। वहीं, रात में भी गर्मी से राहत मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार दिन में पारा 36 डिग्री और रात में 20 डिग्री के आसपास तापमान रहने का अनुमान है। दन में सतना, जबलपुर और मंडला में हल्की बूंदाबांदी हुई, तो शाम को रीवा में तेज बारिश हो गई। वहीं, भोपाल-इंदौर में बादल छाए रहे। इस कारण यहां तापमान में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई।



**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्मार्ट पार्क में नीम, आम और अमरुद के पौधे लगाए। आज सामाजिक कार्यकर्ता किशन राठौर ने अपने जन्मदिवस पर एवं अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण किया।**

# जनसुनवाई के दौरान समस्याएं सुनीं कलेक्टर ने




भोपाल। आज कलेक्टर आशीष सिंह ने जनसुनवाई के दौरान प्रकरण पर को सुना और सभी अधिकारियो को निर्देश भी दिए है। जनसुनवाई आम जनता को राहत और समस्याएं हल करने का बेहतर साधन है इसको लोगो से जुड़ने और उनको समझने में भी मदद मिलती है इसके साथ ही जिले की परिस्थितियों से भी अवगत होते है। इसलिए सभी जिला अधिकारी जनसुनवाई को गंभीरता से ले। जनपद और ग्रामीण क्षेत्र के एसडीएम भी अपने कार्यालय में इसके लिए बेहतर व्यवस्था बनाए। आवेदको के बैठाने की व्यवस्था हो और पीने का पानी का भी इंतजाम किया जाए।

साांई ग्रुप शुक्ला ट्यूटोरियल
काउंसलिंग एवं इनफार्मेशन सेन्टर
16 वर्षों से निरन्तर आपकी सेवा में
10 वीं कक्षा MATHS ENGLISH
कक्षा 11वीं व 12वीं CHEMISTRY
समस्त डिग्री और डिप्लोमा कोर्स
B.A. B.Com B.Sc. M.Sc.
MSW BBA MBA
DCA PGDCA
Call : 07422-401050,401051
पता : शिक्षा विभाग परिसर, गांधी चौराहा, मंदसौर (म.प्र.)

VACANCIES
DOLPHIN - THE SCHOOL OF WISDOM
Ganj Basoda, Distt. Vidisha (M.P.)
English Medium- Nursery to High School

| S.N. | Post | Vacancies | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | U.D.T. ( English, Mathematics, Sanskrit, Science, Social Science) | 05 | Graduation in related subject |
| 2. | L.D.T. | 08 | Higher Secondary |
| 3. | Music Teacher | 01 | Prabhakar or its equivalent |

➢ D.Ed./B.Ed. Candidate will be preferred.
➢ Application will be accepted in prescribed format.
Last Date to Apply – 29-04-2023
Office Timing: 9:30 am to 12:30 pm
Contact: 07594–220769 Web: www.dolphinbasoda.org,Email: dolphinschoolbsd@gmail.com

Maharishi Centre for Educational Excellence, Lambakheda, Berasia Road, Bhopal-462038
(Affiliated to Barkatullah University, Bhopal & Approved by AICTE, New Delhi)
Requires following for MBA (Management Department)

| Post | Qualifications & Experience |
|---|---|
| Director Professor/ Associate Professors/ Assistant Professors | Qualifications & Experience as per AICTE, New Delhi Norms |

Note: -Selection & appointment will be as per the provision of code-28 of Barkatullah University, Bhopal. Interested candidates can send their resumes with all the testimonials within 07 days of publication of this advertisement to:-
The Director
Maharishi Centre for Educational Excellence, Lambakheda, Berasia Road, Bhopal-462038
Contact No. -07554323579, 9425303178; 9584744400
Email Id: -dirmimbhopal@gmail.com

